फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 50, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 18 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### हंगामे के बाद संसद सोमवार तक स्थगितः कांग्रेस सांसदों की मांग- राहुल को सदन में बोलने दो, भाजपा ने कहा- पहले बयान पर माफी मांगें

## माफी की मांग, संसद में तनातनी






**नई दिल्लीः लोकसभा** में 5वें दिन की कार्यवाही शुरू होने के 20 मिनट बाद ही खत्म हो गई। सदन में नारेबाजी के चलते अध्यक्ष ओम बिड़ला ने लोकसभा को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी को बोलने दो के नारे लगा रहे थे। जबकि बीजेपी पिछले 4 दिन से राहुल गांधी के कैम्ब्रिज वाले बयान पर माफी की मांग कर रही है। राज्यसभा भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सदन के स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसदों समेत 16 विपक्षी दलों ने सोनिया, राहुल और खड़गे के साथ मिलकर महात्मा गांधी की मूर्ति के पास अडाणी मामले पर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सदन की कार्यवाही के दौरान ऑडियो म्यूट कर दिया गया। क्या यह लोकतंत्र है?

### भाजपा ने राहुल के बयानों की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग की

**सांसद** निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के बयानों की जांच के लिए एक स्पेशल कमेटी बनाने की मांग की है। दुबे ने कहा कि राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका में अपने बयानों से लगातार संसद और देश की गरिमा को धूमिल किया है। इसलिए उन्हें संसद से निष्कासित करने का समय आ गया है। उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने में मदद करनी चाहिए।

राहुल गांधी देश विरोधी टूलकिट का हिस्सा : नड्डा बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने कहा- दुर्भाग्य की बात यह है कि कांग्रेस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गई है। जनता के बार-बार नकारे जाने के बाद राहुल गांधी इस देश विरोधी टूलकिट का एक परमानेंट हिस्सा बन गए हैं।

लोकसभा में कांग्रेस के लीडर अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को भी कहा था कि उनका माइक 3 दिन के लिए म्यूट कर दिया गया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने राज्यसभा में सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया। सांसद शशि थरूर ने कहा कि "राहुल गांधी ने कभी भी यह मांग नहीं की कि लोकतंत्र को बचाने के लिए विदेशी ताकतें हमारे देश में आएं। मुझे नहीं लगता कि इसके लिए माफी मांगने की जरूरत है। संसद चलाना सरकार की जिम्मेदारी है।"

**राहुल ने मांगा था संसद में बोलने का वक्तः** राहुल गांधी गुरुवार को संसद पहुंचे थे और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मिलकर सदन में भाषण के लिए वक्त मांगा था। उधर, भाजपा उनसे माफी की मांग पर अड़ी है। बीजेपी के निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी के सदन से निष्कासन की मांग की है। साथ ही कहा है कि उनके बयान की जांच करने के लिए एक जांच समिति बनाई जाए। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज पांचवां दिन है।

## ईडी की कस्टडी में 5 दिन और रहेंगे सिसोदिया



**नई दिल्लीः दिल्ली** के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शराब नीति मामले को लेकर सीबीआई के बाद ईडी ने सिसोदिया की कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी, जिसे लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की रिमांड बढ़ाने का फैसला किया है। सिसोदिया को 5 दिन और ईडी की कस्टडी में रहना होगा। बता दें कि सिसोदिया पिछले 7 दिन से ईडी के ही रिमांड पर थे। ईडी ने सिसोदिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए अदालत से 7 दिन की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को अपने परिवार के खर्च के लिए चेक पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी। कोर्ट ने सिसोदिया के परिवार के लिए 40 हजार रुपये और उनकी पत्नी के मेडिकल के लिए 45 हजार रुपये के चेक पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी है।

**सिसोदिया ने किया था अपना फोन नष्टः** सूत्रों के मुताबिक, ईडी की ओर से पेश हुए वकील ने अपनी दलीलें देते हुए सिसोदिया पर गंभीर आरोप लगाए। ईडी ने कहा कि सिसोदिया ने अपना फोन नष्ट कर दिया था।

### उर्वरकों पर सब्सिडी कम करने का कोई प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में उर्वरकों पर सब्सिडी कम करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने लोकसभा में अपने लिखित उत्तर में कहा, "किसानों पर उर्वरक सब्सिडी कम करने के प्रभाव को समझने के लिए अभी तक ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया है।"

**सब्सिडी को कम करने की कोई योजना नहींः** एक अलग जवाब में, मंत्री ने कहा कि वर्तमान में सरकार के पास पोषक तत्व आधारित ।

## ये हड़ताल और परिस्थिति पॉलिटिकली मोटिवेटेड लग रही : एके शर्मा



**लखनऊः** बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर सरकार की स्थिति को स्पष्ट करते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि कुछ बिजली कर्मचारी संगठन हड़ताल पर चल रहे हैं।

एक तरह से देखें तो आज हड़ताल का तीसरा दिन है। इन सबके बावजूद सबको आश्वस्त करना चाहते हैं कि स्थिति नियंत्रण में है। कुछ जगह स्थानीय समस्या आई है, जिन्हें समय से दूर किया गया है। इस बीच कुछ और संगठन भी हमारे साथ आये हैं, आज जो काम कर रहे हैं। इससे ये हड़ताल और परिस्थिति पॉलिटिकली मोटिवेटेड लग रही है वर्ना कर्मचारी हमारी बात समझ जाते। एके शर्मा ने कहा कि कुल नौ संगठन अब तक हमारे साथ हैं, वे इस हड़ताल का विरोध भी कर रहे हैं। कुछ राष्ट्रीय संस्थाओं ने एनटीपीसी, बजाज पावर, टाटा, पावर ग्रिड कारपोरेशन समेत कुछ अन्य ने हमें मैन पावर उपलब्ध कराए हैं। सप्लाई, डिमांड नियंत्रण में है। जनता से कहूंगा कि थोड़ी समस्या और चुनौती का समय है। जल्द इस स्थिति से बाहर निकलेंगे। समन्वय के लिए संघर्ष समिति से कहूंगा कि बातचीत के रास्ते खुले हैं।

**काम में बाधा डालने वालों को तलाश कर होगी कार्रवाईः** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से कहूंगा कि ध्यान दें कि जो काम करना चाहते हैं,उन्हें रोका न जाये। काम में बाधा डालने वालों को पहचानें, लेकिन कानून हाथ में न लें।

### उपासना पद्धति के आधार पर न हो मतभेदः संघ

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को धार्मिक सहिष्णुता का संदेश देते हुए कहा कि रास्ते सबके अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन मंजिल सबकी एक है। हमें अपनी-अपनी उपासना ठीक रखनी चाहिए और सबकी उपासना पद्धतियों का आदर करना चाहिए। इसी से सभी को सुख की प्राप्ति होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को दिल्ली के लाल किले के प्रांगण में फिल्म लेखक एवं निर्देशक इकबाल दुरानी द्वारा हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ सामवेद के हिन्दी व उर्दू में किए गए सचित्र अनुवाद का विमोचन किया। कार्यक्रम में स्वामी ज्ञानानंद महाराज सहित अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि मनुष्य की उपसना पद्धति और आराध्य भले ही अलग हों लेकिन हम सभी एक ही की भक्ति कर रहे हैं। इसलिए इनके आधार पर मतभेद नहीं होना चाहिए। वेदों में हमें इसी आंतरिक सत्य की शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज मानवता आपसी संघर्ष और प्राकृतिक समस्याओं का सामना कर रही है।

### जिसने विश्वास मत का सामना नहीं किया उसे कैसे कर सकते बहालः सुप्रीम कोर्ट

## उद्धव गुट को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका!



**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट** ने गुरुवार को आश्चर्य जताया कि वह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार को कैसे बहाल कर सकता है, जब मुख्यमंत्री ने फ्लोर टेस्ट का सामना करने से पहले ही अपना इस्तीफा दे दिया था। ठाकरे गुट ने अदालत से समय को वापस करने और यथास्थिति को बहाल करने का आग्रह करते हुए अदालत के सामने प्रस्तुतियां दीं।

**'2016 के जैसे इस बार भी हो फैसला'**: इसमें कहा गया था कि जैसे 2016 में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नबाम तुकी को फिर से स्थापित किया था, वैसे ही इस बार भी किया जाए। ठाकरे गुट का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ से राज्यपाल बी एस कोश्यारी के फ्लोर टेस्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है।

**'विश्वास मत से पहले दे दिया था इस्तीफा'**: पीठ ने उद्धव ठाकरे की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलों पर भी ध्यान दिया और कहा, "तो, आपके अनुसार, हम क्या करते हैं? आपको बहाल करते हैं? लेकिन आपने इस्तीफा दे दिया। ऐसा लग रहा है जैसे अदालत से उस सरकार को बहाल करने के लिए कहा जा रहा है।

### हर माह मिलेंगे 350 रुपए; 3 हजार से ज्यादा की पहचान, समाज कल्याण विभाग ने मंगाए आवेदन

## छत्तीसगढ़ में थर्ड जेंडर को भी पेंशन



**रायपुरः छत्तीसगढ़** में पहली बार थर्ड जेंडर के लोगों को पेंशन दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से अभी तक बुजुर्गों, परित्यक्त, दिव्यांग (बौने भी), निराश्रितों और विधवाओं को ही इस तरह की पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार ने अब थर्ड जेंडर वालों को भी पेंशन देने का फैसला किया है। इसके लिए ऐसे लोगों को विभाग की वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विभाग ने अभी तक 3,058 थर्ड जेंडरों की पहचान भी कर ली है। इनमें 1,229 को पहचान प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। इसके अलावा 1,829 को प्रमाण पत्र जारी करने का काम जारी है।

**अब तक 600 से ज्यादा थर्ड जेंडरों ने आवेदन कियाः**
1 मार्च से अभी तक 600 से ज्यादा थर्ड जेंडरों ने पेंशन के लिए आवेदन भी जमा कर दिया है। विभाग की ओर से इन आवेदनों की जांच के बाद 350 रुपए महीना पेंशन दी जाएगी। यह रकम उनके बताए खातों में ऑनलाइन जमा की जाएगी।

**विभाग या अफसर से प्रमाणित नहीं करवाना होगाः** थर्ड जेंडर के लोगों को आवेदन करने में छूट भी दी गई है। उन्हें किसी भी विभाग या अफसर से ये प्रमाणित नहीं करवाना होगा कि वे थर्ड जेंडर की कैटेगरी से हैं। उन्हें केवल घोषणा पत्र देना होगा। यानी खुद ही प्रमाणित करना होगा कि वे थर्ड जेंडर से हैं। इसके लिए उन्हें फोटो लगाना अनिवार्य किया गया है।

**सबसे ज्यादा आवेदन रायपुर जिले सेः** विभाग ने इस योजना का प्रचार-प्रसार भी शुरू कर दिया है। यही वजह है कि दो हफ्ते में ही सैकड़ों आवेदन जमा हो गए हैं। बताया जा रहा है।

## पवन खेड़ा की याचिका पर सुनवाई 20 मार्च तक टली



**नई दिल्लीः कांग्रेस** नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 20 मार्च तक टल गई। काउंसिल ने बताया कि उनके वकील सिंघवी कोर्ट में मौजूद नहीं थे। इसलिए सुनवाई सोमवार तक टालने की अपील की गई थी, जिसे कोर्ट ने मान लिया। पीएम मोदी पर दिए बयान के मामले में कोर्ट ने पवन को 17 मार्च तक गिरफ्तारी से राहत मिली थी। यानी 17 मार्च तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकती थी। सुनवाई टलने के बाद यह राहत अगली सुनवाई तक बरकरार रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम को गौतमदास मोदी कहा था। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी थी कि उन्हें प्रधानमंत्री के नाम को लेकर कन्फ्यूजन था। इस बयान के बाद 23 फरवरी को पार्टी अधिवेशन में दिल्ली से रायपुर जाने के दौरान असम पुलिस ने खेड़ा को फ्लाइट से उतारकर गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि बाद में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी।

## 2024 में मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नहींः कुशवाहा



**जमुईः** पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हर राज्य में और हर दल में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, लेकिन साल 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने वाला दूर-दूर नजर नहीं आ रहा है। बिखरा हुआ विपक्ष नरेंद्र मोदी का मुकाबला कैसे कर सकता है। उपेंद्र कुशवाहा गुरुवार की रात विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत जमुई पहुंचे। इस दौरान, बिहार के सीएम नीतीश कुमार के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि वह इस संकल्प के साथ निकले हैं कि बिहार को साल 2005 से पहले वाली स्थिति में वापस नहीं लौटने देंगे।

**प्रदेश में बढ़ रहा अंधाधुंध अपराधः** उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को बिहार की जनता ने जिस राजद को मिट्टी में मिलाकर सत्ता सौंपी थी, नीतीश कुमार ने पार्टी और राज्य को उसके ही हवाले कर दिया। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गई है। हर दिन हत्या, अपहरण, यौन शोषण और लूट की घटनाएं बढ़ती जा रही है।

## राम से ज्यादा कर्मठ रावण, उनपर अन्याय हुआः मांझी



**पटनाः बिहार** विधानसभा के बजट सत्र शुक्रवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। हत्या में नाम आने पर भाजपा ने मंत्री इजराइल अंसारी की बर्खास्तगी की मांग की। साथ ही भाजपा विधायकों ने सदन में ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। वेल में विपक्षी विधायक तालियां बजाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। सदन में हनुमान चालीसा के पाठ के सवाल पर पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा- हम तो रामायण को काल्पनिक मानते हैं। रामायण की बात करें तो राम से ज्यादा कर्मठ रावण थे। कल्पना के आधार पर राम और रावण की बात करने से बेहतर है कि भाजपा गरीब की बात करे।

**आरजेडी ने पूर्व सीएम के बयान से खुद को अलग रखाः** आरजेडी ने पूर्व सीएम के बयान से खुद को अलग रखा है। पार्टी प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा राम पर कोई सवाल नहीं खड़े कर सकता है। वो मर्यादा के प्रतीक थे। रामचरित की कुछ पंक्तियों पर आपत्ति हो सकती है,लेकिन राम पर कोई विवाद नहीं है। मांझी जी का बयान उनके व्यक्तिगत विचार हैं। वहीं भाजपा विधायक अरुण शंकर ने कहा कि मंत्री इसराइल मंसूरी को सरकार बचा रही है। साक्ष्य रहने के बाद भी उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। पीड़ित परिजनों को धमकाया जा रहा है। सरकार हमारी नहीं सुन रही है। इसलिए हमलोग हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। बता दें कि बीजेपी विधायक और नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने इस पर सरकार से जवाब मांगा। बर्खास्तगी की मांग को लेकर पहले सदन से वॉकआउट किया। फिर सदन में वापस आकर हंगामा किया। इधर मंत्री इसराइल मंसूरी ने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा कि वो अल्पसंख्यक हैं, इसलिए भाजपा उन्हें टारगेट कर रही है।

लंच ब्रेक के बाद विधानसभा में ऊर्जा विभाग, मद्य निषेद विभाग, योजना और विकास विभाग, विधि विभाग के बजट अनुदान मांग पर चर्चा हो रही।

### कांग्रेस ने योगी सरकार के रामचरितमानस पाठ के फैसले का किया विरोध

**लखनऊः** कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नवरात्र के दिनों में रामचरितमानस का पाठ कराने के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे प्रदेश में आपसी सौहार्द बिगड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने शुक्रवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार का यह फैसला बहुत गलत है। एक तरफ नवरात्र के दौरान हिंदू भाई पूजा-अर्चना करेंगे। दूसरी तरफ पवित्र रमजान का महीना शुरू हो रहा है। इसे मुस्लिम भाई मनाएंगे। सभी लोग अपने अपने हिसाब से धार्मिक आयोजन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### कोरांव पुलिस ने चोरी मामले में दो को भेजा जेल

**कोराव।** कोरांव पुलिस ने चोरी केस में दो को गिरफ्तार कर माल बरामदगी के साथ जेल भेज दिया। थाना कोरांव में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 97/23 धारा 380/411आईपीसी में कस्बा के ही फहीम अली पुत्र समसुल तथा अरमान अली पुत्र अमीर उल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी प्रकार बब्बू पुत्र रज्जू ग्राम लखापुर पैतीहा कोरांव को मुकद्दमा अपराध संख्या 77/23 धारा 363/366 आईपीसी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त अभियुक्त द्वारा एक युवती को अपहरण के केस दर्ज हुआ है।

### बाइक टक्कर से साइकिल सवार घायल

**सहसों।** गोरखपुर राजमार्ग पर रामनाथ पट्टी गांव के सामने मंडी से सब्जी बेच कर साइकिल से वापस घर लौट रहे किसान को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बनी ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रामनाथ पट्टी गांव निवासी 65 वर्षीय किसान गामा पटेल फूलपुर मंडी से सब्जी बेच कर साइकिल से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर अपने घर की तरफ मुड़े की तेज गति से आ रही अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे गिर पड़े और उनके सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण वे अचेत हो गए।

# पूरेडीह, बरियांवा के मूल निवासी 25 वर्षीय विपुल पांडेय की प्रयागराज में संदेहास्पद मौत, कोहराम

**बुधवार रात में विपुल घर से यह कह कर निकला था कि जा रहा हूं दोस्तों के साथ घूमने सुबह आ जाऊंगा गुरुवार शाम को परिजनों को सूचना मिली कि विपुल घर के पास लोहा पार्क अल्लापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा है**

**विपुल मुंबई में म्यूजिक कंपोजर था और 24 मार्च को उसे अमेरिका जाना था, बुधवार को घर से 4 लाख 25 हजार रुपए सोने का ब्रेसलेट और चैन पहन कर गया था मौके पर सब गायब मोबाइल भी नहीं मिला**

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत पूरेडीह गांव के मूल निवासी, अल्लापुर प्रयागराज में निवासरत जगदीश पांडेय सेवानिवृत्त बिजली विभाग के ज्येष्ठ पुत्र अवनीश कुमार, सुमन पांडेय एजी ऑफिस प्रयागराज में वरिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं उनके दो पुत्र थे, बड़ा अभिषेक पांडेय है एवं छोटा विपुल पांडेय था। विपुल मुंबई में रहता था और बोलीवुड से जुड़ा हुआ था। होली के अवसर पर अपने अल्लापुर, प्रयागराज घर आया था। बुधवार रात में विपुल घर से यह कह कर निकला था कि जा रहा हूं दोस्तों के साथ घूमने सुबह आ जाऊंगा। गुरुवार शाम को परिजनों को सूचना मिली कि विपुल





घर के पास लोहा पार्क अल्लापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा है परिजन विपुल को लेकर स्वरूप रानी अस्पताल लेकर भागे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया सभी का रो रोकर बुरा हाल है शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु पुलिस ने भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा फिलहाल विपुल की आकस्मिक मृत्यु पर मूल निवास पूरेडीह, बरियांवा एवं अल्लापुर, प्रयागराज निवास के लोग, रिश्तेदारों, परिचितों एवं क्षेत्रीय लोगों लोगों में शोक का माहौल व्याप्त है। परिजनों के अनुसार विपुल मुंबई में म्यूजिक कंपोजर था विपुल, 24 मार्च को अमेरिका जाना था, बुधवार को घर से 4 लाख 25 हजार रुपए सोने का ब्रेसलेट और चैन पहन कर गया था सब गायब है मोबाइल का भी पता नहीं है। विपुल वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया की यात्रा भी कर चुका है।



## जंघई में किशोरी की गला रेत कर हत्या, दुष्कर्म की आशंका

**जंघई।** जंघई प्रयागराज रेल खंड के बगल असवां गाँव स्थित एक अरहर के खेत मे एक किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गयी किशोरी की पहचान नहीं हो सकी है गला रेत कर हत्या की गयी है दुष्कर्म की आशंका व्यक्त की जा रही है मौके पर मीरगंज पुलिस पहुंच कर जांच मे जुट गयी है । असवां गाँव मे शुक्रवार देर बजे रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत मे गाँव का एक व्यक्ति नीलगाय हाकने गया था जिसकी नजर एक किशोरी के शव पर पड़ गयी वह हल्ला मचाते हुए भाग कर निकल कर गाँव वालों को सूचना दिया तो मौके पर ग्रामीण की भीड़ इकट्ठा हो गयी। लोगो ने जंघई चौकी इंचार्ज राम विलास व थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता को जानकारी दी तो दोनो मौके पर पहुंच कर जांच मे जुट गये। युवती नीला जींस नीला टी शर्ट व लाल अंडरवियर पहने हुई है शव का गला रेता गया है जिस तरह से उसका अंडरवियर दिख रहा है उससे लोग दुष्कर्म की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। हत्या अरहर में की गयी या बाहर से हत्या करके फेंका गया है पुलिस जांच मे जुटी है। डाग स्क्वाड बुलाया गया है खबर भेजे जाने तक किशोरी की पहचान नही की जा सकी थी। एसओ बृजेश कुमार गुप्ता का कहना है की युवती की पहचान नही हो सकी है पहचान का प्रयास किया जा रहा है उम्र 19-20 वर्ष के आस पास है कहीं दूसरी जगह से हत्या करके शव यहां फेंका गया है।

# शहर से गांव तक बिजली पानी के लिए तरसे लोग, टैंकर भी नही हुआ नसीब



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से शहर से लेकर गांव तक बिजली, पानी के लिए हाहाकार मचा रहा। पावर हाउस पर तैनात नोडल अधिकारी भी कुछ नही कर पा रहे है केवल पावर हाउस पर बैठ अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे है। गुरुवार सुबह से झूंसी के हवेलियां, कटका, दुर्जनपुर, तुलापुर, हनुमानगंज, बरियारी सहित आधा दर्जन गांवों की बिजली गुल हो गई। जिसकी वजह से लोगों के सामने पानी की भी समस्या उत्पन्न हो गई। लोग घरों के बाहर निकल आये और पावर हाउस पर जमा होने लगे। एसडीएम फूलपुर, के साथ पुलिस के अपसर पावर हाउस का चक्कर लगाते रहे पर रात आपूर्ति बहाल नही हो सकी। मायूस लोग अपने अपने घर लौट गए। लोगो ने मछरों के डंक से करवट बदल बदल कर रात तो गुजार ली पर शुक्रवार की सुबह भी जब बिजली पानी नही मिली तो हर तरफ हाहाकार मच गया। लोग बर्तन लेकर हैंडपम्प पर पहुचने लगे। कुछ लोगो को बोतल से प्यास बुझानी पड़ी। हनुमानगंज में समाजसेवी पिंटू सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल के सहयोग से बिजली आपूर्ति शुक्रवार की सुबह बहाल हुई बाकी इलाको में दो बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई तब लोगो ने राहत की सास ली। हनुमानगंज के धनंजय मिश्रा का कहना था कि तैयारी का प्रशासनिक दावा पूरी तरह से फेल रहा बिजली तो छोड़िए पानी आपूर्ति के लिए पानी का टैंकर तक कि व्यवस्था नही हो पाई।

## शंकरगढ़ जूही,आमगोंदर फीडर की बिजली गुल, गहराया जल संकट




**शंकरगढ़।** विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के द्वारा की जा रही 72 घंटे की हड़ताल का व्यापक असर विद्युत आपूर्ति पर देखने को मिल रहा है। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीणांचल में बड़े पैमाने पर घंटों से बिजली गुल है। बिजली नहीं मिलने से लोगों के समक्ष पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया है। हालांकि बिजली कर्मियों की हड़ताल से निपटने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने वैकल्पिक इंतजाम कर रखा है, लेकिन वह इंतजाम भी काम नहीं आ रहा है, क्योंकि बिजली बहाल करने के लिए जिन्हे जिम्मेदारी दी गई है, उसमें ज्यादातर लोग ऐसे-ऐसे विभागों के हैं, जिन्हे बिजली के बारे में एबीसीडी भी नहीं आती। कमोवेश इसी तरह की समस्या विद्युत उपकेंद्र शंकरगढ़ की है। विद्युत सबस्टेशन शंकरगढ़ में चार फीडर हैं, जिसमें से सिर्फ शंकरगढ़ फीडर की नई और पुरानी लाइन ही वर्तमान समय में चालू है। इन दोनों लाइनों पर निर्बाध आपूर्ति मिल रही है। जबकि उपकेंद्र के जूही फीडर की लाइन गुरुवार की रात करीब 10 बजे से प्रभावित है। इस फीडर से करीब 70 से अधिक गांवों के लोग बिजली-पानी के लिए तरस रहे हैं। इसी तरह आमगोंदर फीडर की बिजली गुरुवार की रात से बंद है और इस फीडर के अंतर्गत बड़गडी, रमना, लखनौटी, जनवा, बिहरिया, गाढ़ा कटरा, गोलइया के लोग परेशान हैं। इसी तरह की स्थिति विद्युत उपकेंद्र बारा, जसरा, लालापुर आदि में भी देखने को मिल रही है। दूसरी तरफ यदि पूरे जनपद की बात करें तो यहां पर लगभग 43 उपकेंद्रों से सप्लाई की जाती है, जिसमें दो दर्जन से अधिक उपकेंद्रों से सप्लाई प्रभावित है। इस वजह से जनपद के एक बड़े भाग में बिजली गुल है। कहीं पर बिजली बीती रात से ही गायब है तो कहीं पर सुबह से बिजली कट गई है।

## न्यूज झरोखा

### श्री बाल्मीक रामायण कथा ज्ञान यज्ञ में श्रोता हुए भावविभोर



**करछना।** तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा जगदीश पुर डीहा में राम कथा का नौ दिवसीय कथा पंडाल में मुख्य यजमान पंडित श्री राममणि द्विवेदी एवं श्रीमती लक्ष्मी द्विवेदी के साथ भारी संख्या में कथा श्रवन करने वालो में महिलाओ के साथ पुरूष बच्चों के साथ सभी भावविभोर हो उठे कथा पंडाल में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ बीके सिंह , पुर्व सांसद रेवती रमण सिंह, पुर्व व्लाक प्रमुख विजय राज सिंह राजू भैया, के साथ राम कथा का रस पान किया कथावाचक पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने राम कथा प्रशंग का वर्णन किया आयोजन में, विजय कुमार द्विवेदी अमित कुमार द्विवेदी , अवधेश कुमार द्विवेदी , गजेन्द्र द्विवेदी,आलोक द्विवेदी, राजमणि द्विवेदी, इन्द्रमणि द्विवेदी, मणि द्विवेदी, लालता प्रसाद द्विवेदी, रोहणी प्रसाद द्विवेदी, धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, प्रवीण कुमार द्विवेदी, कमलेश कुमार द्विवेदी, विनय कुमार द्विवेदी, सहित भारी संख्या में श्रोताओ में महिला पुरूष के साथ नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद शामिल रहे,

### अनुभवी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा राकेट लांचिंग प्रशिक्षण सम्पन्न



**करछना।** ब्लाक परिसर में पांच ब्लाक की चम्पियन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का राकेट लांचिंग प्रशिक्षण सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए राकेट लांचिंग प्रशिक्षण की पभारी गायत्री मैडम ने प्रशिक्षण में बताया गया कि ३ वर्ष से ६ वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ साथ पढ़ाया भी जावेगा चार्ज सी डी पी ओ अर्चना साहू जी ने बताया कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पूरी निष्ठा और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाना होगा आज के राकेट लांचिंग प्रशिक्षण में आई हुई चाका कौंधियारा जसरा शंकरगढ़ करछना की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई साधुवाद क्योंकि प्रशिक्षण बहुत ही सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ अन्त में मीना शाक्य ने सबको धन्यवाद दिया इस अवसर पर अर्चना साहू जी गायत्री मैडम मीना शाक्य शशीपभा सिंह सुषमा सिंह सरोज शुक्ला सांता मीना कुमारी व आंगनबाड़ी कार्यकत्री अर्चना पाण्डेय सुषमा कोटार्य निधी आरती किरन कल्पना मिश्र प्रियंका मिश्र आदि उपस्थित रही।

### होली पर्व सामाजिक समरसता व एकता का भी संदेश देता है



**लेड़ियारी।** भाजपा के युवा कार्यकताओं द्वारा बसगड़ी गांव में होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय ने उपस्थित लोगों के बीच कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह पर्व सामाजिक समरसता व एकता का भी संदेश देता है। समारोह में जिला उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने नौजवानों के बीच कहा कि मैं निरंतर इसी प्रकार आप सभी की सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा। देश और प्रदेश में सरकार हमारी है, किसी भी कार्यकर्ता के मान सम्मान पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने पाएगी ।इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ी। भाजपा नेता ओंकार नाथ ने सभी से गले मिलकर समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर समारोह के आयोजक युवा भाजपा नेता जयकृष्ण मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभिन्न प्रकार के पकवान खिलाकर सभी शुभेच्छु बंधुओं के मंगलमय जीवन की कामना की गई। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि वह अधिवक्ता पं रामलखन शुक्ल ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री पूजा मिश्रा,राणा प्रताप सिंह, अवधेश सिंह,मनि पाण्डेय, विजय तिवारी,आकाश मिश्र, आचार्य ऋषि,अमन, अर्पित मिश्र, सुधांशु कोल आदि लोग मौजूद रहे।

### डा. एम गोविन्द राजन भाषा सेतु सम्मान दिया गया कश्मीरी साहित्यकार डा. बीना बुदुकी को

**जसरा।** साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा प्रयागराज द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला प्रतिष्ठित डॉ.एम गोविंदराजन भाषा सेतु सम्मान कश्मीर मूल की विख्यात साहित्यकार डॉ. बीना बुदुकी को दिया जाएगा यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष विजय चितौरी ने दिया है श्री चितौरी के अनुसार उक्त सम्मान के अलावा जी आर प्रजापति सम्मान श्री राम निवास पंथी (रायबरेली) , ग्रामोदय पत्रकारिता सम्मान डा. हयात सिंह रावत (अल्मोड़ा उत्तराखंड), बाल साहित्य उन्नायक सम्मान श्री श्याम नारायण श्रीवास्तव (सुल्तानपुर) , भोलानाथ साहू स्मृति समाज सेवी सम्मान श्री राम धीरज (वाराणसी) तथा श्री शंकर लाल केसरवानी 'चरण रज' सम्मान श्री नारायण दास गुप्ता (प्रयागराज )को देने की घोषणा की गई है यह सम्मान 9 अप्रैल को जसरा प्रयागराज में आयोजित साहित्य समारोह में प्रदान किये जाएंगे सम्मान के अंतर्गत अंगवस्त्रम ,प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि दी जायेगी जसरा साहित्य महोत्सव के नाम से आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रयागराज के अलावा आस पास के जिलों के पत्रकार और साहित्यकार बड़ी संख्या में समारोह में भाग लेंगे।

# शिक्षा संस्कृति और संस्कार मुख्य स्रोत का प्रत्येक छात्र के जीवन में होना जरूरी है : डॉ बीके सिंह

अखंड भारत संदेश

**करछना।** शिक्षा,संस्कृति और संस्कार के मुख्य स्त्रोत विद्यालय हमारे आदर्श जीवन के स्त्रोत है ।बचपन से ही अपनी इस थाती को संजोने के लिए हमारे गुरूओ की भी भूमिका अहम है ।बच्चों का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है और आगे चलकर यही नौनिहाल अपने गुरूओ द्वारा बताई बातों पर अमल करते हुए अपने देश समाज का नाम रोशन करेगें ।यह बातें क्षेत्र के डीहा स्थित प्रकाश बालिका इंटर कालेज में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीके सिंह ने कही ।उन्होने बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर शीघ्र ही गांव में जमीन उपलब्ध होने पर खेल मैदान बनवाने का आश्वासन दिया ।अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मुख्य अतिथि की तारीफ करते हुए कहा कि वे ईमानदार अध्यक्ष है और लोगों को उनसे कई तरह की आशायें हैं ।पूर्व सांसद ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और विद्यालय के अनुशासन की भी प्रशंसा की ।जिला पंचायत सदस्य कुलदीप त्रिपाठी ने कहा

**वार्षिक समारोह में बच्चों बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से बांधी समां**



कि तरहार क्षेत्र क्षेत्र अपनी परंपरा और बुजुर्गो के सम्मान के लिए जाना जाता है ।यहां की युवा प्रतिभा और प्रतिभावान बच्चे अपने अग्रजों के आशीष से आगे भी यह परंपरा कायम रखे ।बच्चों द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरांत बालिकाओं ने राधा नाचेगी,नमस्ते इण्डिया की प्रस्तुति पर खूब तालिया बटोरी ।बच्चों ने भी हास्य नाटिका,फागुनी गीत,देश प्रेम गीत और कव्वाली प्रस्तुत करते श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य पर लोग झूम उठे ।प्रबंधक डॉ.विजय बाबू यादव पप्पू ने समारोह में पधारे सम्मानित अभ्यागतों के प्रति स्वागत आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप जैसे महानुभावों के सानिध्य से हमारे संघर्ष भरे जीवन को प्रेरणा मिलती है ।समारोह में आकर आप सभी ने जो स्नेह दिया है इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार सभी का आभारी है ।देरशाम तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसीराम यादव ने किया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव,शिवेंद्र तिवारी,धर्मराज यादव,मोहन यादव,मुलायम? आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चंपापुर विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई बाधित कर्मचारी नदारद, पुलिस रही तैनात



**जंघई।** विद्युत कर्मियों के 72 घंटे हडताल के कारण शुक्रवार सुबह से ही चंपापुर विद्युत उप केंद्र की सप्लाई बाधित हो गयी है राजस्व कर्मी पुलिस की टीम की तैनाती की गई है लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी नदारद है। चंपापुर विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत दर्जनों गांव को बिजली सप्लाई दी जाती है लेकिन विद्युत कर्मियों के हड़ताल के कारण शुक्रवार सुबह से ही सप्लाई बंद हो गई है। फिलहाल सरकार द्वारा नोडल कर्मचारी व पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है लेकिन विद्युत कर्मचारी न होने के कारण सप्लाई बाधित है। चंपापुर विद्युत उप केंद्र पर जंघई चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार पांडेय पुलिस कर्मियों के साथ तथा हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## मऊआइमा में बिजली आपूर्ति ठप पहले दिन हडताल पर दिनचर्या प्रभावित



**मऊआइमा।** नगर पंचायत क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि से बिजली आपूर्ति ठप कर कर्मचारियों ने उप केन्द्र पर ताला बंद कर फरार हो गए। जिससे पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है ।उप केन्द्रों पर पुलिस अन्य विभाग के कर्मचारी बैठे हैं। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व घोषित बिजली विभाग की हडताल को सफल बनाने के लिए मऊआइमा बिजली विभाग ने रात्रि से बिजली ठप कर फीडर के कमरों में ताला बंद कर गायब हो गए। जिससे पूरे क्षेत्र में पहले दिन हाहाकार मचा हुआ है। उप केन्द्र गदाईपुर, गुलकाईपुर आदि पर पुलिस और नहर विभाग के एसडीओ मोहम्मद सिद्दीक, नहर विभाग के अवर अभियंता विनोद कुमार गौतम ,राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक प्यारे लाल, कंचन लाल सहित पुलिस मौजूद है। बताया गया है कि रात्रि डयूटी पर मौजूद लल्लू राम ने उप केन्द्र पर एक नोटिस चस्पा कर दिया गया है कि वह अपनी डूयूटी करके जा रहा है। बहरहाल पूरे क्षेत्र में पहले दिन ही बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से हर कोई मोबाइल चार्ज करने के लिए दर दर भटक रहा था ।तीन दिन की हडताल से जन जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा। सरकार के तमाम चेतावनी के बाद भी संविदा कर्मचारियों ने भी हडताल करके अपना अपना मोबाइल बंद कर लिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस संविदा कर्मचारियों की तलाश में जुटी हुई है।

# प्रकाश पब्लिक स्कूल डीहा का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**करछना।** क्षेत्र के प्रकाश पब्लिक स्कूल एंड प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज डीहा का वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास के साथ बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालयी छात्र - छात्राओं ने अपने-अपने कलाओं का प्रदर्शन करके खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के सहित फीता काटकर किया गया। वही छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना व स्वागत गान की प्रस्तुतियां हुई। इसके अलावा विद्यार्थियों की ओर से राष्ट्रीय गीत भक्ति गीत बसंती गीत नृत्य दहेज गीत नाटक एकांकी कौव्वाली हास्य व्यंग्य आदि की प्रस्तुतियां हुई । जो मौजूद लोगों को प्रफुल्लित किए रही। इसके अलावा हास्य व्यंग कलाकार अशोक बेशरम ने अपने हास्य व व्यंग्यात्मक शैली में लोगों को खूब गुदगुदाया । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह मौजूद रहे ।उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के हुनरो की जमकर प्रशंसा की। और कहा



कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का जहां मानसिक विकास होता है । वहीं उनकी प्रतिभाओं में निखार भी आता है। क्योंकि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं । अतिथियों ने कहा कि तरहार क्षेत्र में विद्यालय के प्रबंधक की ओर से कन्या इंटर कॉलेज की स्थापना के प्रति भूरि - भूरि प्रशंसा भी की। विद्यालय के प्रबंधक व जिला पंचायत डॉ विजय बाबू यादव व प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव की ओर से समारोह में शिरकत किए सभी अतिथियों समेत सभी आगंतुकों के प्रति स्वागत भाषण करते हुए अन्य सभी लोगों के प्रति आभार जताया । कार्यक्रम का संचालन धर्मराज यादव व तुलसीराम यादव ने किया। इस मौके पर करछना के पूर्व ब्लांक प्रमुख विजय राज सिंह राजू सिरसा के चेयरमैन पप्पू यादव जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर पांडेय कुलदीप त्रिपाठी व प्रवीण यादव डॉ वाई पी सिंह चंद्र प्रकाश तिवारी आशीष भारती डॉ उमेश यादव के पी तिवारी संजय यादव खुशी यादव डां रोहित यादव रोहन यादव रजनीश पाल ननकेश बाबू यादव मुन्नालाल विमल कुमार अजीत कुमार अमन कुमार देशराज राकेश कुमार विजय राज आशीष कुमार कंचन राधिका महताब शालिनी श्वेता कन्हैया लाल यादव रामानंद यादव सीताराम यादव जगदीश यादव मणि बहादुर कान्हा आजाद सिंह रमाशंकर माता प्रसाद गुलाबचंद्र समेत अधिकांश संबंधित ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य व कालेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य लोग मौजूद रहे।

# हर वर्ग का विकास कर रही है भाजपा सरकार : राजमणि कोल

**कोरांव।** क्षेत्र पंचायत कोरांव की आयोजित बैठक मे क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सभी वर्गों का विकास हो रहा है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार मूलभूत समस्याओं को दूर करने में जुटी हुई है। क्षेत्र मे बिजली पानी सड़क जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर लगातार योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है। कोरांव नगर में स्थित भागीरथी मैरिज गार्डन में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि लोगों को विधायक राजमणि कोल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में इंटरलॉकिंग सड़कों एवं नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने कहा कि हर क्षेत्र पंचायत के प्रस्ताव पर अमल करते हुए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। बैठक में पुरानी कार्य योजना के

**क्षेत्र पंचायत कोरांव की बैठक सम्पन्न**



तहत कराए गए कार्यों पर चर्चा एवं नए कार्यों के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों से प्रस्ताव लिए गए। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह ने लोगों के बीच सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जेई आरईएस जगनारायण सिंह ने किया। सदन में कुछ बीडीसी और प्रधान समय से बैठक की कार्यवाही न चालू होने पर बैठक का बहिस्कार किया। और सदन से बाहर चले गए। किंतु विरोध करने वाले बीसीसी मेंबर उमाशंकर सिंह पटेल ने प्रमुख और विधायक की सराहना करते हुए बैठक में हिस्सा ले लिया। और संबोधित भी किया। एक आईटी प्रधान अल्हवा शहजादे ने जब प्रधानों के प्रस्तावों पर कार्यवाही में सामिल कर दर किनार किए जाने की बात कही और वहीं उमाशंकर सिंह ने जवाब में कहा कि प्रधान लोग भी ग्राम सभनकी बैठकों में बीडीसी को क्यों नहीं बुलाया जाता। उन्हे भी बैठकों में बुलाएं। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य पिन्टू चौबे, जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह के प्रतिनिधि दीपक पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला, उमाशंकर सिंह, आनंद कुमार श्रीवास्तव सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान सा गठन के मंडल महामंत्री शहजादे प्रधान अल्हवा आदि प्रधान मौजूद रहे।

# डीएम ने खुशरूबाग सब स्टेशन सहित कई अन्य सब स्टेशनों का निरीक्षण कर लिया स्थिति का जायजा

## जिलाधिकारी ने खुशरूबाग के अधिशाषी अभियंता द्वारा लापरवाही बरते जाने पर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को खुशरूबाग विद्युत उपकेन्द्र/सबस्टेशन सहित अन्य सब स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अवरोध उत्पन्न करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई करते हुए उनके विरूद्ध प्राथमिकी भी दर्ज करायी जायेगी। जिलाधिकारी ने खुशरूबाग के अधिशाषी अभियंता द्वारा लापरवाही बरते जाने पर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओ को निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्र में कहीं पर भी विद्युत आपूर्ति व पानी की सप्लाई में समस्या उत्पन्न न होने पाए अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## प्रयागराज से वकील पहुंचे बरेली, जेल में की अशरफ से मुलाकात, जेल स्टाफ रहा मौजूद

**प्रयागराज।** प्रयागराज से आए वकील विजय मिश्रा ने जेल स्टाफ और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ से मुलाकात की। माना जा रहा है कि वकील इस मुलाकात के बाद अशरफ का पक्ष प्रयागराज कोर्ट में रखेंगे। अशरफ ढाई साल से बरेली जिला जेल में बंद है। शुक्रवार को प्रयागराज से जिला जेल पहुंचे अतीक परिवार के वकील विजय मिश्रा ने अशरफ से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक दोनों में कानूनी मुद्दों पर चर्चा हुई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला ने बताया कि मुलाकात को लेकर कोर्ट का निर्देश था। सभी विधिक प्रक्रिया पूरी कराते हुए मुलाकात कराई गई।

**विजय मिश्रा के आने से पहले हुआ था मुकदमा :** उमेश पाल हत्याकांड से अशरफ का जुड़ाव सामने आया तो उस समय भी विजय मिश्रा ने उससे मुलाकात का प्रयास किया था। तब बरेली के अधिकारी मीडिया में छप रही खबरों को झुठला रहे थे। हालांकि विजय मिश्रा के आने से पहले कुछ ऐसे साक्ष्य मिले कि अशरफ के खिलाफ मामला दर्ज कर कुछ लोगों की गिरफ्तारी हो गई। इसके बाद अशरफ से किसी की मुलाकात पर रोक लगा दी गई थी। अब लंबे समय बाद वकील से मुलाकात की अनुमति मिली है।

**सामाजिक उत्थान का सपना दिखाकर उल्लू सीधा कर रहा था अशरफ :** उमेश पाल हत्याकांड में नामजद पूर्व विधायक अशरफ युवाओं को सामाजिक उत्थान का सपना दिखाकर अपना उल्लू सीधा कर रहा था। अब उससे मुलाकात या जुड़ाव के साक्ष्य मिलने पर एसआईटी ने उन्हें नोटिस थमा दिए हैं। सद्दाम से नजदीकी के बाद लल्ला गद्दी अक्सर अपने समाज के युवाओं को अशरफ से मिलवाने ले जाता था। इनमें से कुछ की गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। बताते हैं कि अशरफ इन युवाओं के सामने आदर्श की बातें करता था। कहता था कि गद्दी समाज में शिक्षा का स्तर कम है, इसे बढ़ाना होगा। गद्दी समाज के युवाओं को राजनीति में भी सक्रिय होना चाहिए। वह खुद समाज और युवा पीढ़ी का भला करने के लिए बडे-बड़े दावे करता था। फिर इन्हीं लोगों का इस्तेमाल प्रयागराज से आने वाले लोगों से मुलाकात व अन्य कामों के लिए किया जाता था। ऐसे लोगों का कहना है कि उन दिनों वे अशरफ से मिलकर गर्व का अहसास करते थे, उन्हें नहीं पता था कि वे फंस जाएंगे। लल्ला गद्दी के साथ अक्सर छुटभैये बदमाश भी अशरफ से मिलने जाते थे।अशरफ उन्हें बडे.काम दिलाने का झांसा देता था। अब अशरफ के उमेश पाल हत्याकांड में नामजद होने के बाद उससे मुलाकात करने वालों को चिह्नित कर लिया गया है। एसआईटी ऐसे सभी लोगों को नोटिस भेजकर जुड़ाव की वजह पूछ रही है। जवाब से संतुष्ट होने पर कार्रवाई टल सकती है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर केस में शामिल कर उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### बूथ मजबूत होने पर जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे सदन

#### भाजपा मंडल करछना यमुनापार की कार्यकर्ता बैठक



**सिरसा।** क्षेत्र करछना खनिका में श्री गोपाल कृष्ण पब्लिक स्कूल में भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष और जिले के सभी पदाधिकारियों एवं मण्डल के सभी पदाधिकारियों का बैठक किया गया। जब हमारा बूथ मजबूत होगा तब अपने जनप्रतिनिधि को सदन में भेज सकते हैं। भाजपा की मजबूती का आघार बूथ मजबूती है। पदाधिकारियों की बूथ सशक्तीकरण की बैठक में मुख्य अतिथि पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने कही।उन्होंने कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने की सलाह दी।भाजपा के किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही राष्ट्रपति का अभिभाषण पढ़कर कार्यकताओं को सुनाया। जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा पिछड़ो को ध्यान में रखकर विकास और रोजगार देने का कार्य किया है। जिला महामंत्री आशीष सिंह ने कहा जो भाजपा सरकार में पिछड़ों वर्गों के लिए कार्य किया गया वह किसी भी सरकार में कार्य नही किया गया। जिला महामंत्री आशीष सिंह ने कहा कि बीजेपी हमेशा पिछड़ों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है। बैठक में मुख्य रूप से आशीष सिंह पटेल (जिलामंत्री) पिछड़ा मोर्चा, धर्मपाल सिंह पटेल,मिथलेश कुमार, कुलदीप कुमार, रामराज सिंह पटेल, संतोष पटेल, त्रिभुवन नाथ पटेल, सुरेंद्र बहादुर सिंह पटेल, आजाद सिंह,सरोज निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

### शानो शौकत के साथ मनाया गया उर्स मुबारक



**कोरांव।** हजरत दीवाना शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक पूरे शानो शौकत और अकीदत के साथ मनाया गया। जायरीनों ने मजार ए अकदस पर चादर और गुलपोशी की। कुल शरीफ में फातेहा के बाद तबर्रुक तकसीम किया गया। दीवाना शाह बाबा के उर्स की शुरूआत गुस्ल और संदल पेश करने से किया गया। बाद नमाज ईशा गागर उठाई गई और बाबा की मजार पर चादर पोशी की गई। जायरीनों ने शिरकत करते हुए फातेहा पढ़ी और दुआ मांगी। मजार पर माथा टेक कर अकीदतमंदों ने अपनी मन्नतें भी मांगी।इसके बाद रात में महफिले समां का आयोजन हुआ। इसमें प्रतापगढ़ से आए कव्वाल ताहिर वारसी रशीद वारसी व भदोही से आरिफ आजाद कौव्वाल ने देर रात तक नातिया कलाम पेश किया। कुल शरीफ के फातेहा ख्वानी में मौलाना शमशेर आजम कादरी मौलाना शौकत अली कादरी हाजी अच्छे खान हाजी सिराजुद्दीन समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मौलाना तहफ्फुज रजा ने मुल्क में अमन सलामती की दुआ की। इसके बाद मौजूद लोगों एवम समाजसेवियों द्वारा जायरीनों में तबर्रुक तकसीम किया गया। इस मौके पर चर्चित किसान नेता राजू चौबे जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु ने कहां की हजरत दीवाना शाह बाबा ने हमेशा भाईचारा एवं मानवता को बढ़ाने वाला पैगाम दिया है और उनके याद में जिस प्रकार से हर साल यह आयोजन किया जाता है इससे समाज को एक नई दिशा प्रदान होगी और उनके अनुयाई उनके बताए मार्ग पर चलकर एक अच्छे समाज की स्थापना करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मो हारुन मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी रामदेव निडर राजेश पांडे जिला सचिव समाजवादी पार्टी पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट हारुन अंसारी गुलफाम खान दिनेश पटेल यूसुफ अली हसनैन अंसारी नौशाद अंसारी रविंद्र जैसल प्रधान शमसाद खान आजाद खान प्रधान आमिर खान नासिर अली इरफान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## नैनी केंद्रीय कारागार में छापा अतीक के पुत्र अली के बैरक की ली गई तलाशी

**प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार नैनी में रूटीन चेकिंग के लिए शुक्रवार को एडीएम सिटी मदन कुमार, डीएसपी यमुना नगर संतोष कुमार मीणा, एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने पहुंचकर तलाशी ली। अधिकारियों ने माफिया अतीक अहमद के पुत्र अली अहमद के बैरक की तलाशी ली। इसके अलावा कुख्यात अपराधी बागपत के अनिल धनपत के बैरक की भी तलाशी ली गई। दो दिन पहले घी के डिब्बे में मोबाइल ले जाते समय एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। बताया गय कि वह अनिल धनपत को मोबाइल देने जा रहा था। तलाशी के दौरान अली से अकेले में अधिकारियों ने करीब 15 मिनट तक पूछताछ की। अधिकारियों ने पाकशाला, अस्पताल, हाई सिक्योरिटी सेल, तनहाई बैरक, महिला जेल की जांच पड़ताल की। बंदियों से बातचीत भी की गई। उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा गया। करीब दो घंटे तक चले जांच में जेल प्रशासन में हड़कंप मचा रहा।

**नैनी से पुलिस ने एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया :** उमेश पाल हत्याकांड में छानबीन में जुटी पुलिस ने नैनी से एक संदिग्ध महिला को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने महिला को पकड़ लिया। उस पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल होने का शक है। एक शूटर के मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर उसको हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड से पहले महिला लगातार शूटर के संपर्क में थी। पुलिस काफी दिनों से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

**अतीक अहमद के करीबी को एसटीएफ ने नेपाल से दबोचा :** उमेश पाल हत्याकांड में चल रही ताबड़तोड़ दबिश के बीच पुलिस ने नेपाल से अतीक अहमद के करीबी कहे जाने वाले क्यूम अंसारी को गिरफ्तारी कर लिया है। आरोप है कि क्यूम अंसारी ने शूटरों की मदद की थी। नेपाल में पेट्रोल पंप का संचालन करने वाले प्रयागराज के क्यूम को नेपाल के कपिलवस्तु से एसटीएफ ने हिरासत में लिया है। उसे शुक्रवार को देर रात तक प्रयागराज लाए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि उससे पूछताछ में एसटीएफ को कुछ और सुराग मिल सकते हैं।

### पूर्व महिला प्रधान के यहां लाखों की चोरी पांच के खिलाफ दी नामजद तहरीर

**मऊआइमा।** पूर्व महिला प्रधान के पुराने घर में ताला तोड़कर कर चोरों ने सिलेंडर आदि तमाम गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए। पूर्व प्रधान ने पांच पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासनीय पूर्व ग्राम प्रधान कमला देवी पत्नी स्वर्गीय किशोरी लाल यादव का कहना है कि वह पहले अपने पुराने घर में रहती थी। 14 मार्च को पुराने घर में ताला बंद कर नये घर में चली आयी। जहां तमाम गृहस्थी के सामान मौजूद था। शुक्रवार को सुबह जरुरी सामान लेने गयी तो ताला टूटा था। और घर में रखा सिलेंडर, बर्तन आदि लाखों का सामान चोर चोरी कर ले गए यही नहीं जो सामान नहीं ले जा सके तो उसे तोड दिए।कमला देवी का आरोप है कि उनके गांव के कतिपय लोग जिनमें एक शराब माफिया भी है।अपने सहयोगियों से मिल कर चोरी किया है। कमला देवी का आरोप है कि रोज रात्रि में नशे में धुत होकर उसके घर के आस पास गालियां देते हुए जान से मारने की भी धमकी देते हैं। कमला देवी ने पांच नामजद सहित अन्य अज्ञातों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर तलाश में जुटी हुई है।

## संयुक्त निदेशक एवं अन्य अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न शीतग्रहों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** निदेशालय, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ से आये हुए संयुक्त निदेशक बी0पी0 राम, कृष्ण मोहन चैधीर, उप निदेशक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, सुरेन्द्र राम भाष्कर, जिला उद्यान अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जनपद प्रयागराज के शीतगृह अभिषेक कोल्ड स्टोर, गद्दोपुर, भोला इण्डट्रीज, गद्दोपुर, कृष्णा शीतालय, गद्दोपुर, हिमालय कोल्ड स्टोर/गद्दोपुर, आदर्श कोल्ड स्टोर, गद्दोपुर, फाफामऊ तथा होलागढ़ में मां शारदा शीतालय, होलागढ़, आर0वी0 एस0 शीतालय, होलागढ़, मां विन्ध्यावासिनी कोल्ड स्टोर, केशरवानी शीतालय, सोराव, सोरांव कोल्ड स्टोर, सोराव, लहटी कोल्ड स्टोर, माधवनगर, बहरिया, फरूखाबाद कोल्ड स्टोर, तेलियरगंज, प्रयागराज आदि शीतगृहों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सभी शीतगृह स्वामियों को निर्देशित किया गया कि आलू किसान अधिकार पत्र, भण्डारण की सूचना जिसमें शीतगृह की क्षमता व रिक्त स्थान तथा भण्डारण किरया दर प्रति कुन्तल को डैशबोर्ड हर कोल्ड स्टोर पर लगा हुआ पाया गया तथा उपस्थित किसानां/भण्डारणकर्ताओं को बताया गया कि अपना समस्त आलू कोल्ड स्टोर में तुरन्त रखवायें। जनपद के शीतगृहों में 40-50 प्रतिशत तक आलू भण्डारण के लिए जगह खाली है। इसमें समस्त किसान भाई अपना आलू भण्डारण कर सकते है एवं उपस्थित किसानों को आपरेशन ग्रीन योजना के अन्तर्गत भण्डारण शुल्क का अनुदान प्राप्त करने हेतु अधिक से अधिक मात्रा में शीतगृह में आलू का भण्डारण करें तथा भारत सरकार द्वारा संचालित आपरेशन ग्रीन योजना का लाभ उठायें। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान भाईयों से अनुरोध है कि जिस खेत बोये हुए खेत में जहां से खुदाई होकर आलू की लोडिंग हो रही है। उसका जीपीएस कैमरें से फोटोग्राफ लेकर एवं रास्ते में किसी काटे पर आलू की तौल कराकर रसीद प्राप्त कर लें या कोल्ड स्टोरेज के काटे पर कुछ बोरियो का तौल कराते हुए उसका फोटोग्राफ ले लें। आलू भण्डारण करें एवं शीतगृह मालिक से भण्डारण शुल्क, भण्डारण की रसीद कुन्तल में प्राप्त करें एवं शीतगृह मालिक को भण्डारण शुल्क अपने बैंक खाते से पेमेन्ट करें। यह सभी अभिलेख एकत्र कर आन लाइन पोर्टल पर आवदेन करें। इसका लाभ व्यक्तिगत किसान एवं एफपीओ/ एफपीसी/ लाइसंस सुदा कमिशन एजेन्ट एवं फुटकर व्यापारी प्राप्त कर सकते है। किसान भाई अपनी खतौनी आदि अभिलेख अपलोड करेगें।



## नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन, प्रयागराज का होली मिलन समारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन, प्रयागराज व नगर निगम पेंशनर यूनियन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, एवं श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी, उपस्थित हुए, चन्द्र मोहन गर्ग नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज द्वारा पुष्प-गच्छ तथ गंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा मंत्री जी तथा नगर आयुक्त जी को माल्यार्पण कर होली की बधाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र पालीवाल द्वारा किया गया। साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा होली पर्व के महत्व का वर्णन के साथ समस्त कर्मचारियो को जाति धर्म से ऊपर उठकर रंगो का पर्व होली महोत्सव का शुभकामनाये व संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, अम्बरीश बिन्द, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी राजकुमार शर्मा, मुख्य नगर लेखा परीक्षक बालेन्दु मिश्रा जोनल अधिकारी संजय ममगई, अमरजीत यादव, लेखा अधिकारी अक्षय कुमार सचिव नगर आयुक्त सूर्यशंकर त्रिपाठी के अतिरिक्त कर्मचारी एसोसिएशन से अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव महामंत्री अरविन्द त्रिपाठी, मंत्री रॉबिन पलिवाल, उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, धर्मराज सिंह व अरूण जैन के साथ पार्षदगण श्री अखिलेश सिंह, श्रीमती किरन जायसवाल, राजेश कुशवाहा, अन्य कई पार्षद एवं नगर निगम प्रयागराज के स्वास्थ्य, पर्यावरण, लेखा, जनकार्य, विद्युत, कर, जनसम्पर्क विभाग के समस्त कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।




### बेमौसम बरसात की संभावना से कृषक रहे सतर्क : उप कृषि निदेशक

**प्रयागराज।** मौसम केंद्र लखनऊ के आंकड़ों के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिनों में गरज चमक के साथ बेमौसम बरसात एवं 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं। इस अवधि में कटाई एवं बुवाई के लिए किसानों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। बेमौसम बरसात की वजह से जिन स्थानों पर फसल खड़ी है एवं कटाई के योग्य है, विशेषकर गेहूं ,सरसों, चना, मटर इत्यादि में अधिकाधिक जल निकास का उचित प्रबंध करें एवं तैयार फसल की तुरंत कटाई कर-के उचित स्थान पर रख कर उपज को पॉलीथिन शीट से ढक दें, विशेषकर आलू की फसल के लिए सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें। मक्का ,उर्द ,मूंग की बुवाई को रोककर अधिक वर्षा जल जमाव की स्थिति में पानी को बाहर निकालने की उचित व्यवस्था करें। तेज हवाओं की स्थिति में गेहूं की सिंचाई तत्काल रोक दें एवं किसी प्रकार के उर्वरको एवं रसायनों का छिड़काव हवा के शांत होने पर ही करें। जायद फसलों यथा मक्का,उर्द,मूंग इत्यादि की यदि बुवाई हो गयी है तो अंकुरण के लिए खेत में उचित नमी बनाए रखें क्योंकि तेज हवाएं वाष्पीकरण द्वारा भूमि की नमी को उड़ा ले जाती हैं और अंकुरण के साथ-साथ फसल भी प्रभावित होती है ।



### स्वतंत्र भारत में पहली बार लगा शिवगढ़ ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल,ग्रामीणों में खुशी

**सोरांव।** ग्रामीण जनता को सभी के साथ न्याय व योजनाओं की जानकारी होने के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में ब्लॉक स्तर में हर शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ ग्राम पंचायत में एडीओ एसटी पंकज गिरि की अध्यक्षता में एक दिवसीय ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत के सभी मजरों के लोगों का जमावड़ा भी लगा। जिसमें लगभग सैकड़ों की तादात में लोग आए। और अपनी-अपनी शिकायत भी दर्ज करवाया गया। तथा वही तकनीकी सहायक वसीम अहमद ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को मनरेगा के बारे में अच्छी जानकारी भी दिए। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह की अगुवाई में सभी मजरों में मुनादी कराकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।इस चौपाल में दर्जनों शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसका निराकरण ज्यादातर शिकायती पत्रों का मौके पर ही कर दिया गया। वही विभिन्न योजना जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास योजना, शौचालय आदि सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह व ग्राम प्रधान संजय यादव,कोटेदार वीरेंद्र शुक्ला ,पंचायत सहायक ,तकनीकी सहायक वसीम अहमद,सफाई कर्मी,आंगनवाड़ी एवं गांव के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय उप जिलाधिकारी चायल जनपद कौशांबी**
**मुकदमा नंबर 720 210 242 050 2210 सन 2018 धारा 24 यू पी रा**
**श्रीमती रामकली बनाम घुरऊ आदि**

उपरोक्त मुकदमे में उप जिला अधिकारी न्यायालय चायल जनपद कौशांबी ने प्रतिवादी घुरऊ सिंह पुत्र आनंदी, फूलचंद्र पुत्रगण रामनाथ, फूलचंद्र पुत्रगण रामनाथ, रामनरेश सिंह पुत्र लाल बहादुर, ज्ञान सिंह पुत्र पुर्रा सिंह, मान सिंह पुत्रगण पुर्रा सिंह, अभय सिंह पुत्रगण पुर्रा सिंह, श्रीमती उमा देवी पत्नी पुर्रा, श्रीमती बिक्की तफाला पत्नी अजयदार हुसैन, कृष्ण प्रसाद पुत्र राम सुंदर, अवधेश सिंह पुत्रगण रंगी सिंह, शत्रुधन सिंह पुत्रगण रंगी सिंह, अमर सिंह पुत्रगण रंगी सिंह, राकेश सिंह पुत्रगण रंगी सिंह, कुवर सिंह पुत्र देव नारायण, तरदार सिंह पुत्रगण देव नारायण, प्रेम सिंह पुत्रगण देव नारायण, अजुर्न सिंह पुत्रगण देव नारायण, फूल चन्द्र पुत्र बोड़ो, मु0 देवराज देवी पुत्र लाल सिंह, भारत सिंह पुत्र राम, सुनिल सिंह पुत्रगण राम, अजय सिंह पुत्रगण शिव सिंह, विजय सिंह पुत्रगण शिव सिंह सभी निवासी नरवर पट्टी तहसील चायल जनपद कौशांबी वा भूमि प्रबंध समिति द्वारा मौजा नरवर पट्टी ग्राम प्रधान आलमचन्द्र तहसील चायल जनपद कौशाम्बी को 18 अप्रैल 2023 को समय 10:00 बजे दिन में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है अनुपस्थिति रहने पर वाद का निस्तारण एक पक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।

**आज्ञा से न्यायालय उप जिला अधिकारी चायल जनपद कौशांबी**
**हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी।**

# सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित भिक्षा से भागवत कथा का समापन

## ओसा में सात दिनों तक बहती रही भागवत कथा की बयार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ के ओसा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित भिक्षा की कथा सुनाई गई। संगीतमय कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में स्थानीय लोग जमा रहे ओसा गांव के यजमान लक्ष्मण सिंह द्वारा आयोजित सात दिवसीय भगवत महापुराण कथा में कथावाचक पंडित अनिल शास्त्री महाराज के द्वारा सात दिन तक लगातार संगीतमय भागवत कथा का वाचन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, छप्पन भोग महोत्सव, श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र जैसे प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया। गांव में भागवत कथा होने से ओसा गांव ही नहीं वरन आसपास का क्षेत्र भी पूरी तरह से कृष्ण भक्ति में लीन दिखा। कथा वर्णन के साथ ही प्रस्तुत किए जा रहे संगीत के साथ वहां उपस्थित सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं झूमने लगते थे। यह दृश्य देखकर ऐसा लगता था मानो भगवान श्रीकृष्ण, माता रुक्मिणी सजीव इस गांव में आ गए हो। पंडित अनिल शास्त्री का साथ देने के लिए उनके साथ उज्जैन नगरी से पधारे ऋषि राज द्विवेदी, हेमंत जोशी, दीपक शर्मा, पंकज शर्मा ने भगवत भजन में साथ दिया। प्रमुख आयोजक अमरनाथ सिंह जी रहे। भागवत कथा में प्रमुख रूप से लाल सिंह, दीपक सिंह, भारत सिंह, गया प्रसाद सिंह, सपना सिंह, कल्पना सिंह, राधा सिंह, अंकित सिंह, वरुण सिंह, तरुण सिंह, श्रेयश सिंह, अंशिका सिंह, रामजीत, जीतलाल, गुलाब कुशवाहा, राम बख्श उपस्थित रहे।



## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...



**जंघई।** पतवां, जंघई गांव में दिनेश कुमार पांडेय पूर्व निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं विमला पांडेय मुख्य यजमान के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हुआ इसमें श्रद्धालु जमकर नृत्य करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की झांकी निकाली। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा वाचक राधामोहन शरण देवाचार्य महाराज वृंदावन धाम ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उद्घोष के साथ नृत्य करने लगे जन्मोत्सव के प्रसंग को भाव विभोर कर दिया।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर परिजनों में अजय पांडेय, जुही पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, मधु पांडेय, राहुल कुमार पांडेय, मनीषा, सचिन पांडेय, श्रद्धा पांडेय, अर्जुन एवं श्रोताओं में दयाशंकर पांडेय, डाक्टर टीएन दुबे, हरिशंकर दुबे, केशरी प्रसाद पांडेय, लल्लन मिश्र, विनोद दुबे, प्रभाकर पांडेय, शेषमणि पांडेय, संतोष पांडेय, अशोक कुमार द्विवेदी, रमेश कुमार तिवारी, लालजी तिवारी, अनिल पांडेय, हृदयनाथ मिश्र, कृपाशंकर श्रीवास्तव, अशोक दुबे, सत्यम तिवारी बृजेश यादव, बंटी जायसवाल, समाजसेवी बाबा तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**जेवनियां में पांच दिवसीय श्रीराम कथा 21 से : मेजा रोड।** दिव्यांगोंत्थान श्रीराम सेवा न्यास के तत्वावधान में उरुवा क्षेत्र के जेवनियां गांव में पद्म विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य से श्रीराम की कथा सुनने अवसर 21 मार्च को प्राप्त होगा। जेवनियां में 21 मार्च से श्रीराम कथा में संतों का जमावड़ा होगा। न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता अभिषेक तिवारी उर्फ टिंकू ने बताया कि कथा का उद्देश्य सनातन धर्म में लोगों की आस्था को और बढ़ाना साथ ही कथा के माध्यम से समाज के उपेक्षित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत साजी विकास खंड कोरांव प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2022 - 23**

पंद्रहवां / केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत साजी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 10 - 03 - 2023 से 17 - 03 - 2023 तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20 - 03 - 2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर बाद 2:00 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम व शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य विवरण :-**

1. साजी में बड़ी नहर से अमृत लाल के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य
2. साजी में छोटे लाल के घर से शिव लाल के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य
3. साजी में छोटाई के घर से राम भगवान के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य
4. साजी में नैतिक के घर से नंदलाल / श्यामाचरण के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य
5. साजी में पंचायत भवन बाउंड्री वाल निर्माण कार्य
6. ग्राम पंचायत साजी में रिबोर
7. कायाकल्प प्राथमिक विद्यालय साजी व पूर्व माध्यमिक विद्यालय साजी

**इंद्र बहादुर**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत साजी**
**वि0 खं0 कोरांव, प्रयागराज**

**अनीता सिंह**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत साजी वि0 खं0**
**कोरांव, प्रयागराज**

## हवन व पूजन में उमड़े श्रद्धालु, भण्डारा आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ रोड पर शुक्रवार को ऊँ नमः शिवाय के अखण्ड जाप की पूर्णाहुति को लेकर हवन पूजन में श्रद्धालु उमडे दिखे। समाजसेवी रामलखन जायसवाल के संयोजन में हुए हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। भगवान शिव व मां पार्वती के चित्र पर श्रद्धालुओं की पुष्पवर्षा के बीच हुए आध्यात्मिक उत्सव में भजन व संकीर्तन की भी मनमोहक प्रस्तुतियां दिखी। आध्यात्मिक कार्यक्रम को लेकर आज शनिवार को राधा मोहन मंदिर परिसर में भण्डारे का भी आयोजन किया गया है। इस मौके पर मुन्नालाल जायसवाल, बैजनाथ जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल, विकास मिश्र, आदर्श मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, जय कौशल आदि रहे।

# देश को सजाने और संवारने का दायित्व युवाओं पर निर्भरः सांसद

## सांसद ने दीप प्रज्ज्वलित कर पड़ोस युवा संसद का किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि देश को सजाने व सवारने का दायित्व युवाओं पर निर्भर है। नवजवान आने वाले कल के भविष्य हैं, हर नवजवान के अंदर प्रतिभा होती है जिसे कला व शिक्षा, हुनर के माध्यम से निखारने तथा आगे बढ़ने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार संसाधन मुहैया करा रहा है।

सांसद आज यहां प्रतापगढ़ में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक नवजवान के अंदर कुछ बनने की ललक होती है जिसे प्राप्त करने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है युवाओं की आगे बढ़ने की सबसे अधिक खुशी उनके माता-पिता को होती है तथा शिक्षक को गर्व होता है। उन्होंने युवाओं का आवाह्न किया कि युवा अपने हौसले के साथ आगे बढ़ते रहें कोई भी ऐसा कार्य नहीं है जो असंभव हो।



युवा संसद कार्यक्रम में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

जो ईमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्य को करता है तो वह निश्चित रूप से पूर्ण होता है। इस अवसर पर सांसद ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं को यदि कोई कठिनाई हो उनसे समय लेकर अवश्य मिले। उनकी जो भी समस्या होगी वह अपने स्तर से निदान करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओ की तरह उनका भी एक सपना है कि प्रतापगढ़ एक विकसित जनपद बने तथा यहां के युवाओं को रोजगार मिले। सांसद ने इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के 30 युवतियों को सिलाई प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उनसे संवाद कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य बी0बी0 सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने बुके तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर संसाद जी का स्वागत किया।

उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता तथा पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा वरुण प्रताप सिंह ने युवाओं से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने युवा संसद को संबोधित किया उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, नेहरू युवा केंद्र के प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह, परियोजना प्रबंधक शिवम् यादव ने युवा संसद को संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय ने किया। नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा ने जिला स्तरीय युवा संसद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक मिश्र, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, व्यापार मंडल के कुलदीप सिंह तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडलों के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांसद तथा नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, रोशनलाल उमरवैश्य, वरुण प्रताप सिंह, आर0बी0 सिंह, प्राचार्य आईटीआई तथा सरदार कुलदीप सिंह, मनजीत सिंह, अभिषेक मिश्रा, विवेक उपाध्याय, अभिषेक पांडे को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## भगवान की कृपा में ही निहित हुआ करता है पुण्यः पं. वाचस्पति शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की उत्साहजनक भीड जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य पं. वाचस्पति शुक्ल ने कहा कि भगवान की कृपा मे ही जीवन का समस्त पुण्य फलाफूला करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार की आराधना सत्य के स्वरूप के पूजन में हुई।

उन्होनें कहा कि सत्य ही द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण का आततायियों के बध में सबसे बडा शस्त्र हुआ। कथाव्यास पं. वाचस्पति जी ने कहा कि जीवन के समस्त लौकिक व अलौकिक सुख तब तक साकार नही दिखा करते जब तक मनुष्य मे प्रभु की आराधना का भाव निर्मल न हो। कथा की संयोजिका सुशीला शुक्ला एवं प्रदीप शुक्ल ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर चंद्रमौलि पाण्डेय, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शिवकृपाल शुक्ल, विजयनाथ तिवारी, दिलीप शुक्ल, विवेक तिवारी, विनोद मिश्र, कृष्ण कुमार शुक्ल, अंशू शुक्ला, श्रीनाथ तिवारी, विनोद सोनी, आशीष शुक्ला, लवकुश शुक्ल, राजकुमार विश्वकर्मा, केशवराम ओझा,

# बिजली कर्मचारियों के साथ प्रशासन कर रहा जबरदस्ती

## बिजली-पानी के लिये मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल का प्रभाव बेल्हा पर भी पड़ा। गांव से शहर तक शुक्रवार को बिजली, पानी के लिये हाहाकार मचा था। शहर में दिन में तो सुबह नौ बजे बिजली आ गई लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में हालत बदतर है। बता दें कि जिले भर में 67 विद्युत उपकेन्द्र 33/11 केवीए के हैं। इनमें 28 विद्युत उपकेन्द्रों पर पूर्ण रुप से विद्युत आपूर्ति पूर्णतया ठप है।

शेष विद्युत उपकेन्द्रों को कुछ न कुछ विद्युत आपूर्ति मिल रही है। शासन की सख्ती का हड़ताली कर्मचारियों पर असर नहीं दिखायी पड़ा। गुरुवार की रात 10 बजे से विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से पूरे जिले की आपूर्ति चरमरा गई। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कमान संभाली और प्राइवेट लाइनमैनों के सहारे शहर में सुबह से परेषान नागरिकों को सुबह नौ बजे बिजली मिल गयी, तब लोगों ने पानी भरा और लोगों की नित्य क्रिया शुरू हुई।



चिलबिला कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

## डीएम ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु मजिस्ट्रेटों को किया तैनात

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा जारी आन्दोलन के तहत विद्युत उपकेन्द्रों की सुरक्षा, संरक्षा तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु 71 विद्युत उपकेन्द्रों पर 71 मजिस्ट्रेट, 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 02 जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी है जो निर्धारित स्थलों पर उपस्थित/भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्युत वर्कशाप लालगंज, विद्युत वर्कशाप चिलबिला एवं विद्युत स्टोर चिलबिला में तकनीकी अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगायी है।

उन्होने ड्यूटी पर लगे अधिकारी/मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि ड्यूटी पर उपस्थित रहकर विद्युत उपकेन्द्रों की सुरक्षा एवं सुरक्षा तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायेगें। ड्यूटी में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी तथा प्रतिकूल परिस्थिति पाये जाने पर व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। साथ ही किसी प्रकार की संवेदनशीलता व असहज स्थिति पर जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी को सूचित करेंगे।

## विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के राज्यव्यापी आवाहन पर जिले के कर्मचारी अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रतापगढ़ चिलबिला के कार्यालय पर एकत्रित हुए हैं और तीसरे दिन भी विद्युत कर्मियों की विशाल सभा आरंभ हुई जिसकी अध्यक्षता संघर्ष समिति के जनपद संयोजक हेमंत नंदन ओझा ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन के लोग जनपद के करीब एक दर्जन से अधिक केंद्रों पर 16 तारीख को सुबह से ही अपनी पाली के अनुसार ड्यूटी पर आए परिचालक कर्मियों को रात को 10 बजे से पूर्व ही जबरन रोक लिया गया है कर्मचारियों को पावर हाउस से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है उनके साथ प्रशासन जबरदस्ती कर रहा है जबकि प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की बात कही गई थी। संघर्ष समिति के संयोजक हेमंत नंदन ओझा ने प्रशासन से अपील की है कि किसी भी कर्मचारी के साथ कोई जबरदस्ती न की जाए। सभा को मुख्य रूप से एस पी शुक्ला, शीलवंत सिंह, रामसूरत, अमर यादव, अमरनाथ यादव, श्रवण कुमार, वीरेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, प्रमोद मौर्या, अमित पाल, मुकेश साहनी, ओपी गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, नन्हे लाल यादव, जय सिंह, सुनील कुमार, सोनी, दिलीप कुमार, अशोक कुमार, कमलेश चंद्र तिवारी आदि ने संबोधित किया वितरण एवं

## कालाकांकर पावर हाउस में सांकेतिक हड़ताल पर आपूर्ति बाधित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र कालाकांकर 33/11 से जुड़े फीडर बाजितपुर, आलापुर व कालाकांकर के बिजली उपभोक्ताओं को शुक्रवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ0प्र0लखनऊ के आवाह्न पर उपकेंद्र कालाकांकर के लाइनमैन रात 10 बजे से 72 घण्टे के लिए बिजली सप्लाई बन्द करके हड़ताल पर चले गए जिससे समूचे क्षेत्र में बिजली से चलने वाले दैनिक उपकरण शो पीस के रूप में दिखाई देने लगे। एक्सईएन एसडीओ व जेई के साथ लाइनमैन के हड़ताल पर चले पर चले जाने से उपभोक्ता परेशान रहे लेकिन समाचार भेजे जाने तक आपूर्ति बहाल नही हो सकी। हड़ताल पर गए कर्मचारियों की मांग है कि उनकी मांगों को पूरा किया जाए। हड़ताल के दौरान पावर हाउस कालाकांकर में सुरक्षा को देखते हुए लेखपाल नीबूलाल व प्रेमचंद के साथ कर्मचारी इम्तियाज अहमद डियूटी पर मौजूद रहे पुलिस कर्मी नही दिखाई दिये बिजली आपूर्ति बन्द होने से उपभोक्ता परेशान रहे।

## उप संचालक चकबन्दी पद पर नामित हुए मुख्य राजस्व अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि जनपद में उप संचालक चकबन्दी के पद पर किसी अधिकारी की तैनाती न होने से चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है। उन्होने मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता को अग्रिम आदेशों तक अपने कार्यो के साथ-साथ उप संचालक चकबन्दी के भी नैत्यिक एवं दैनन्दित दायित्वों के निर्वहन हेतु नामित किया है।

# नये भारत के निर्माण में अपना सर्वस्व योगदान दे युवा पीढ़ीः प्रो. ओझा

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रमों के बीच शुभारंभ हुआ। एसबीएम फामेर्सी कॉलेज के सभागार मे सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं शिक्षाविद प्रो. शिवाकांत ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।

शिविरार्थी छात्राओं आकांक्षा, शालिनी व रश्मि द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ अंजली मिश्रा द्वारा जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती हैं बसेरा वह भारत देश है मेरा जैसे राष्ट्रीय गीतों की भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने युवा वर्ग से राष्ट्रीय प्रगति मे छुआछूत तथा दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने मे जनचेतना की मजबूती का आहवान किया। उन्होने वैदिक काल की भारतीय संस्कृति को दशार्ते हुए बेटियों को भी राष्ट्रीय प्रगति में समान सहभागिता के लिए प्रेरित किया।



समारोह को संबोधित करते पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा।

प्रो. ओझा ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश मे नये भारत के निर्माण में प्रतिभाओं से शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकल्पबद्ध होने का भी आहवान किया। विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक लालगंज कमलेश पाल ने शिविरार्थी छात्र छात्राओं को सुरक्षा के माहौल को लेकर सतर्कता के टिप्स दिये।

विशिष्ट अतिथि आचार्य रामअवधेश मिश्र ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय चरित्र की महत्ता की जानकारियां दी। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने वैश्विक परिवेश में भारतीय प्रतिभाओं की चमक के उदाहरण रखते हुए युवाओं की हौसला आफजाई की। अतिथि परिचय निदेशक डॉ. संदीप कुमार मिश्र व संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. अमित सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रमाधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। समारोह को पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य अरविंद मिश्र, एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र, फामेर्सी कालेज के प्राचार्य वीरेन्द्र, डॉ. ओपी द्विवेदी, डॉ. आशुतोष शुक्ल, राजेश सिंह आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर डा. सुरभि सिंह, रविकांत कौशल, सावित्री पटेल, प्रकाश सिंह, मनीष शुक्ल, डा. रजनी सिंह, डा. शाबिस्ता आदि रहे।

## गाजे बाजे के साथ प्रत्याशियों ने किया नामांकन, वकीलों के चुनाव की बढी सरगर्मी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शुक्रवार से शुरू हुए प्रत्याशियों के नाम निर्देशन को लेकर तहसील परिसर मे दिन भर गहमागहमी का माहौल बना दिखा। प्रत्याशियो को फूल माला व गाजे बाजे के साथ समर्थको को लेकर चुनाव समिति के कार्यालय पर पहुंचते देखा गया। यहां नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद पर पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष पद पर सुधाकर मिश्र व लाल विनोद प्रताप सिंह तथा सदस्य कार्यकारिणी के पद पर नवनीत पाण्डेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए पूर्व महामंत्री संदीप सिंह, उपाध्यक्ष बीके त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री प्रवीण यादव तथा महामंत्री पद के लिए हरिश्चंद्र पाण्डेय, धीरेन्द्र शुक्ल तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक शुक्ल एवं सदस्य कार्यकारिणी के लिए इमरान खान ने पर्चा खरीदा। सिविल के उपाध्यक्ष पद के लिए अबरार अहमद द्वारा नाम निर्देशन पत्र खरीदा गया। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया की देखरेख में समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह, महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, राजेन्द्र मिश्र, रामलगन यादव, शिवाकांत उपाध्याय डटे दिखे। प्रत्याशियो का आज शनिवार को भी चुनाव समिति कार्यालय पर नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## शिविर में मशरूम उत्पादन की दी गई जानकारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर में शुक्रवार को एन एस एस के विशेष शिविर में शिविरार्थियों ने श्रमदान किया। उसके तदुपरांत बौद्धिक सत्र के क्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में कृषि संकाय के डॉ आशुतोष कुमार ने शिविरार्थियों को मशरूम उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी प्रो0 इंदुरेखा सिंह, डॉ डालचंद आंनद, व भूपेश प्रताप सिंह ने शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

### लालगंज के असरही के पास हुई घटना, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की सुबह बाइक से पिता को रिश्तेदारी में छोड़कर घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र पुरवारा के कटरा दुग्धा निवासी शिव प्रसाद पटेल (45) पुत्र राम अछैबर पटेल शुक्रवार की सुबह पिता को बाइक से लेकर स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कलाभदारी गांव में एक रिश्तेदार के यहां छोड़ने गया हुआ था। वह पिता को रिश्तेदार के यहां छोड़कर घर वापस जा रहा था, जैसे ही वह लगभग 10 बजे जलेसरगंज रोड पर असरही गांव के पास पहुंचा की सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर ले गई, जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

# बेटियों को उत्तम चरित्र की शिक्षा अवश्य देंः राज्य मंत्री

### राज्य मंत्री ने 17 बच्चों को लैपटाप का किया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने साकेत महाविद्यालय कालेज में आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह व महिला ग्राम प्रधान के साथ संवाद एवं पोषण किट/लैपटॉप/पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। प्रारम्भ में उन्होने साकेत महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का अवलोकन कर उत्कृष्ट रंगोली प्रदर्शन करने वाली छात्राओं एवं महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उसके उपरान्त उन्होने साकेत महाविद्यालय के सभागार में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस दौरान साकेत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। मंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान महिला प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिला, महिला आरक्षी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री,



छात्रा को लैपटाप देतीं राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला।

आंगनबाड़ी सहायिका, आशा बहु एवं खेल प्रतियोगिता के बच्चो के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं का सुना एवं अपने विचार भी व्यक्त की। इस अवसर पर महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री एवं विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 17 बच्चों को लैपटाप का वितरण, हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 13 छात्राओं, वालीवॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 छात्राओं एवं कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 08 छात्राओं एवं जूडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 02 छात्राओं को डेमो चेक एवं मेडल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं के गोद भराई, 05 बच्चों को अन्न प्राशन, बच्चों को स्वर्ण प्राशन, 10 अतिकुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण एवं 01 अतिकुपोषित बच्चा कृष्णा के अभिभावक को गौदान किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सीओ सिटी सुबोध गौतम सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान नशा मुक्ति पर मनमोहक गीत की प्रस्तुति छात्रा सैफिया बानो द्वारा की गयी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र सहित श्याम सुन्दर टाऊ व साकेत गर्ल्स पीजी कालेज के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

## कंपनी के ब्रांच मैनेजर समेत आधा दर्जन पर धोखाधड़ी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने धोखाधडी से नेशनल हाइवे से ट्रक को बकाये के नाम पर जबरिया कब्जे मे लेने को लेकर फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर समेत तीन नामजद तथा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। अमेठी जिले के थाना संग्रामपुर के गोरखापुर निवासी हरीओम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी ट्रक बीती दस मार्च को चालक रामअभिलाष वर्मा विशेषरगंज बाजार से गिटटी लादने के लिए भरतपुर चित्रकूट ले जा रहा था। लालगंज कोतवाली के नेशनल हाइवे रायपुर तियाई के पास गौरीगंज की फाइनेंस कंपनी के आधा दर्जन लोग बोलेरो से उतरे और उसकी ट्रक जबरिया रूकवा लिया। आरोपी कंपनी के ब्रांच मैनेजर आदित्य पाण्डेय तथा कलेक्शन हेड आशीष व अंबरीश मिश्रा के साथ तीन अन्य अज्ञात लोगों ने चालक को धमकाते हुए किश्त बाकी होने के नाम पर ट्रक कब्जे मे ले लिया। आरोप है कि कंपनी के कर्मचारियों ने चालक से डेढ़ लाख रूपया किश्त के नाम पर जबरिया वसूल भी लिया। जानकारी होने पर पीडित जब सुल्तानपुर कंपनी के यार्ड पर पहुंचा तो उसकी ट्रक वहां यार्ड के बाहर खडी मिली।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त विजय कुमार लोधी पुत्र ज्ञान सिंह लोधी निवासी खोरा थाना मंझनपुर को तैय्यबपुर मंगौर बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त नन्हू निषाद पुत्र स्व0 धनी निवासी महेवा उपरहार थाना महेवाघाट को यमुना नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त नीरज सिंह पुत्र कमलनयन सिंह निवासी निगहा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# पुलिस लाइन कार्यालय व थाना करारी का आईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गयी व परेड का निरीक्षण किया गया एवं बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा गार्द रूम, शस्त्रागार, वर्दी स्टोर, गणना कार्यालय, जीडी कार्यालय, कैण्टीन, कण्डम स्टोर, बैरक, मेस, डायल 112 कार्यालय, पुस्तकालय परिवहन शाखा, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण किया गया साथ ही परिसर का भ्रमण निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया गया व सम्बंधित को दस्तावेजों के रख-रखाव व परिसर की साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी तथा अन्य अधिकार कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस ऑफिस के आगंतुक कक्ष एवं विभिन्न शाखाओं प्रधान लिपिक डीसीआरबी आंकिक शाखा, अभियोजन शाखा, अपराध शाखा, विशेष जाँच प्रकोष्ठ, फील्ड यूनिट, महिला सहायता प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, स्थानीय अभिसूचना इकाई आदि का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज द्वारा पत्रकारों के साथ गोष्ठी की गयी इस दौरान उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तद्उपरान्त द्वारा थाना करारी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गार्द की सलामी ली गयी तथा थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कक्ष, बन्दी गृह, अपराध रजिस्टर, मालखाना अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आदेश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क तथा साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं शस्त्रों को भी चेक किया गया। बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज द्वारा परेड की ली गई सलामी



परेड का निरीक्षण करते आईजी



## स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए समर्पित रहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत चौथे दिन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया। उसके पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आज के कार्यक्रम 'घरेलू बचत की अवधारणा और महत्व' पर बहुत ही प्रासंगिक एवं सारगर्भित व्याख्यान भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव का रहा, उन्होंने स्वयंसेवकों को घरेलू बचत के मूल उद्देश्यों से परिचित कराते हुए सभी से यह प्रण लिया कि वह इस उद्देश्य को प्राप्त कराने में अपनी भागीदारी और जिम्मेदारी का प्रत्येक स्तर पर योगदान सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद बौद्धिक सत्र में डॉ0 राहुल राय ने घरेलू बचत का अर्थ ,उसका उद्देश्य और जीवन में उसके महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा किया। उन्होंने बच्चों को बचत करने की प्रवृत्ति को जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में कार्यक्रमाधिकारी डॉ.धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने स्वयंसेवकों को कैरियर के प्रति सजग करते हुए कहा कि जीवन में प्रगति करने के लिए आपको बचत की प्रवृत्ति पर जोर देना पड़ेगा।इस अवसर पर बच्चों ने कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।शिविर की व्यवस्था में लक्ष्मण प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

# डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सीएमएस एवं सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियां से कहा कि यदि किसी मरीज की दुर्भाग्यवश मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को शव वाहन तत्काल उपलब्ध कराया जाय किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों एवं आशाओं के भुगतान में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डैम को प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाय, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आशाओं एवं एएनएम के साथ साप्ताहिक बैठक कर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले आयुष्मान मित्रों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान फरवरी माह में स्वास्थ्य टीम द्वारा 392 ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं 44 विद्यालयों के बच्चों का ही स्वास्थ्य परीक्षण करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि प्रत्येक माह कम से कम 320 विद्यालयों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाय उन्होने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने के निर्देश दिये। डीएम द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार एवं सीएमएस सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी



कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासी

## ले के वेद का संदेशा हर घर वो घूमता था : पं. मोहित आर्य

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा सब्जी मंडी में आयोजित आर्य समाज के 97 वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न प्रान्तों से आये कथावाचकों विद्वानों ने उपस्थित जन समुदाय को आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन वृतांत एवम उनके अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश पर विस्तार से संगीतमयी प्रवचन में विस्तार से वर्णन किया है पंडित विशणु मित्र वेदांती ने कहा आर्य समाज का सिद्धांत लोगो को पंखण्ड से दूर करता है वेदों के मार्ग पर ही चलकर मनुष्य का कल्याण सम्भव है उन्होंने ने बताया महर्षि स्वामी दयानंद ही स्वतंत्रता के प्रथम उद्धोषक थे उन्ही के विचारों को सुनकर भारतीय सपूतों ने स्वतंत्रता का बिगुल फूंका गोपाल कृष्ण गोखले,बालगंगा धर तिलक गोविंद रानाडे आदि महापुरूष महर्षि स्वामी दयानंद के विचारों से ओतप्रोत थे। बहन प्रियंका आर्य ने मौके पर मौजूद महिलाओं की अपार भीड़ को तार्किक विचारों से अंधविश्वास पर कुठाराघात किया है इस मौके पर प्रधान कपूर चन्द्र आर्य रमेश चंद्र आर्य प्रधानचार्य,रमेश चन्द्र आर्य सहित तमाम सम्मानित आर्य समाज के पुरुष महिलाएं मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### कोल्ड स्टोर में आलू भण्डारण के लिए जगह खाली : जिला उद्यान अधिकारी

**कौशाम्बी।** जिला उद्यान अधिकारी सुरेन्द्र राम भाष्कर ने अवगत कराया है कि संयुक्त निर्देश बीपीराम उप निदेशक, उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी के साथ संयुक्त रूप से जनपद के शीतगृह साई कृपा शीतगृह मूरतगंज माँ शारदा शीतालय व हिमाद्री शीतगृह समदा, कौशाम्बी कोल्ड स्टोर, हीरा कोल्ड स्टोर एवं जेड ए० शीतगृह आदि शीतगृहों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शीतगृह पर आलू किसान अधिकार पत्र, भण्डारण की सूचना, जिसमें शीतगृह की क्षमता व रिक्त स्थान तथा भण्डारण किराया दर प्रति कुन्तल को डैशबोर्ड पर लगा हुआ पाया गया तथा उपस्थित किसानों/भण्डारणकताओं को बताया गया कि अपना समस्त आलू कोल्ड स्टोर में तुरन्त रखवायें जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के शीतगृहों में 40-50 प्रतिशत तक आलू भण्डारण के लिए जगह खाली है। इसमें समस्त किसान भाई अपना आलू भण्डारण कर सकते है, सभी उपस्थित षकों/आलू उत्पादको को बताया गया कि हाफेड संस्था से 650 रुपए प्रति कुन्तल की दर से आलू की छटाई व ग्रेडिंग कराकर 45 से 85 एम.एम. व्यास का व साफ सूथरा, पका हुआ व रोग मुक्त आलू की खरीद मा० शारदा कोल्ड स्टोर समदा पर किया जा रहा है।

### कागज की गड्डी थमाकर,किसान से 25 हजार लेकर फरार हुए टप्पेबाज

**अझुवा कौशाम्बी।** बैंक ऑफ बड़ौदा अझुवा शाखा के पास उचक्कों ने टप्पेबाजी की है घटनाक्रम के मुताबिक शिव लखन पुत्र मातादीन निवासी ककराली मजरे धुमाई ग्राम सभा बैंक ऑफ बड़ौदा की अझुवा शाखा से 25 हजार रुपया निकालकर बैंक के अंदर कुर्सी पर बैठ गया इतने में ही 2 उचक्के टप्पेबाज उसके पास पहुंचे उससे 5 सौ रुपये छुट्टे लेने के बहाने बात करने लगे छुट्टा देने के बाद उचक्के बात बात में किसान को बाहर लाये साथ मे रहा दूसरे टप्पेबाज ने कागज की मोटी गड्डी जिसमे बताया कि 70 हजार हैं देकर कहा आप ये 70 हजार लिए रहो 25 हजार दे दो हम रुपया ट्रांसफर कर आये जो फिर इस गड्डी से 25 हजार ले लेना विश्वास न हो तो ये गड्डी तुम लिए रहो किसान मोटी गड्डी रुपये के लालच में आकर अपना 25 हजार दे दिया बाहर जमा करने के बहाने उचक्के चंपत हो गए जब उचक्के न आये तो किसान हड़बड़ा कर बैंक कर्मियों को सूचना दिया तब तक मौके पर अझुवा चौकी पुलिस भी पहुंच गई सीसीटीवी फुटेज और पीड़ित से सवाल किए गए पुलिस के अनुसार पीड़ित कभी कहता है बैंक के बाहर उचक्कों ने पैसा लिया कभी अंदर कहता है मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत शोभना गांव निवासी दिनेश सिंह पुत्र स्वर्गीय यशवंत सिंह लगभग 23 वर्ष ने शुक्रवार की सुबह 10 बजे घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है लोगों ने बताया कि मानसिक संतुलन खराब होने के कारण वह फांसी के फंदे में झूल गया जिससे मौके पर मौत हो गई जैसे ही मौत की जानकारी परिजनों को लगी परिवार में कोहराम मच गया है जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है हर्रायपुर चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार अपने हमराहियों के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हावड़ा-दिल्ली रेल लाइन पर मिली व्यक्ति लाश

**भरवारी कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन में दिनांक 17 मार्च को अप लाइन खंभा नंबर 886/3-1 सिराथू अथसराय रेलवे स्टेशन के मध्य एक व्यक्ति की लाश मिली है काफी प्रयास के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी है उम्र लगभग 30 वर्ष की बताई जाती है लोगों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह समय लगभग 07:30 बजे अज्ञात ट्रेन से टकरा कर ब्यक्ति की मौत हो गई है शव की पहचान अभी तक नही हो पाई है। शव को थाना सैनी पुलिस स्टाफ वास्ते अग्रिम कार्यवाही के लिए ले गए है।

### धोखाधड़ी के चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा चार वांछित अभियुक्तों शिवराम हरिजन पुत्र स्व0 बेनी रामदेव हरिजन पुत्र स्व0 छेदी लाल धर्मपाल हरिजन पुत्र स्वङ्क कलेश्वर व रामचन्द्र पुत्र स्व0 लल्लू उर्फ ललऊ निवगण चरवा खुर्द थाना चरवा को चरवा चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना संदीपनघाट से तीन थाना मोहब्बतपुर पईसा से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 160 वाहनों का ई-चालान किया गया

### जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों पिन्टू पुत्र भोंदू लाल रामनरेश पुत्र देवनाथ बृजेश पुत्र व्यास नारायण व रामबदन पुत्र बद्दु निवासीगण पुनवार थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1240 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 240 रुपए बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# महज दिखावा रह गया ग्राम चौपाल का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी** प्रत्येक शुक्रवार को गांव की जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुनने और निराकरण करने ग्राम चौपाल का आयोजन महज दिखावा रह गया है।इस शुक्रवार को सिराथू ब्लाक के ग्राम पंचायत ककोढ़ा एवं निधियावां में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें महज खानापूर्ति हुई। ककोढ़ा में ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश ओझा एवं विनय कुमार ही लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए उपस्थित रहे । उन्होंने बताया की ककोढ़ा में कुल 52 हैंडपंप लगे है जिसमे से 14 रिबोर के लायक है, 141 लोगों की वृद्धा पेंशन, 68 विधवा पेंशन, 32 विकलांग पेंशन बनाई गई है । ग्रामीण सुभाष पटेल ने शिकायत की किया की आवास नहीं दिया गया एवं मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल नहीं बनाई जा रही है। ग्रामीण माणिकचंद, लालजी, नीरज ने आवासीय पट्टा दिए जाने की मांग किया । चौपाल में नाममात्र के ग्रामीण ही पहुंचे। इस मौके पर लेखपाल रितेश सिंह, कृषि सहायक नागेंद्र, पंचायत सहायक अमिता कुमारी एवं ग्राम प्रधान शिवकरन राजपूत उपस्थित रहे। वहीं निधियावां में आयोजित चौपाल में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव संतोष कुमार ने बताया की गांव में कुल 76 हैंडपंप जिनमे से दो रिबोर के लायक, विधवा पेंशन 20, वृद्धा पेंशन 55 , विकलांग पेंशन 12 लोगों की बनी हुई है। अंत्योदय कार्ड 62 एवं बीपीएल के 454 कार्ड धारक है। यहां पर ग्रामीणों ने नाली, खड़ंजा का मुद्दा उठाया एवं नलकूप नंबर सात से सही रूप से सिंचाई व्यवस्था न मिल पाने की शिकायत दर्ज कराई। चौपाल में कृषि विभाग से मनमोहन मिश्रा, पशु विभाग से अनिल साहू, लेखपाल दिलीप कुमार, पंचायत सहायक राहुल, बी सी सखी गीतांजलि, प्रधान प्रतिनिधि हेमंत लाल सरोज उपस्थित रहे। दोनों चौपालों में नाममात्र के ग्रामीण पहुंचे और गहमागहमी करते रहे।

# हीरो बाइक ने जबरदस्त माइलेज के साथ लांच की बाइक

## संगम ऑटोमोबाइल मंझनपुर के मालिक ने बाइक की खूबियों से ग्राहकों को कराया परिचय

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने बाइक की दुनिया में जबरदस्त तहलका मचा दिया है और हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने जबरदस्त माइलेज के साथ सुपर स्पलेंडर एक्स टीइसी बाइक फिर मार्केट में लांच की है इसी क्रम में हीरो मोटोकॉर्प के कौशांबी जनपद मुख्यालय मंझनपुर के एसोसिएट डीलर संगम ऑटो मोबाइल्स द्वारा बुधवार को जबरदस्त माइलेज की बाइक को लांचिंग की गयी है बेहतर माइलेज की बाइक की लांचिंग करते हुए संगम ऑटो मोबाइल्स के मालिक शेखर जायसवाल ने केक काटकर बाइक की लांचिंग की और लांचिंग के मौके पर उपस्थित ग्राहकों को उन्होंने बताया कि सुपर स्प्लेंडर एक्स टीइसी 125 सीसी रेंज जबरदस्त माइलेज हाईटेक फीचर एवं माइलेज के साथ हाईटेक वेरियंट की बाइक ग्राहकों की विशेष सुविधाओं को ध्यान में रखकर कंपनी ने बनाया है जो ग्राहकों की विशेष पसन्द बन गयी है। उन्होंने बताया कि बेहतर माइलेज और विशेष खूबियों की यह बाइक ग्राहकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करेंगी उन्होंने बताया कि ब्लूटूथ कनेक्टिविटी एलइडी हैडलाइट एंट्री वेटेड लोबीम और हाई बीम के साथ साथ लेबल एलईडी से परिपूर्ण बाइक ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय है कंपनी द्वारा लांच की गई बाइक की खुशियों से उन्होंने ग्राहकों को परिचय कराया बाइक की टेस्टिंग कर ग्राहकों को बाइक के बारे में एजेंसी मालिक शेखर जयसवाल ने जानकारी दी बेहतर माइलेज की बाइक लांच किए जाने से ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह दिखाई पड़ा है इस मौके पर सुशील केसरवानी आलोक कुमार मिश्रा श्री राम मनीष कुशवाहा मिथुन कुमार हलीम सहित तमाम ग्राहक और संगम ऑटो मोबाइल्स एसोसिएट एजेंसी के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।



बाइक लॉन्चिंग करते शेखर जायसवाल

# सीडीओ ने की जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न हुई मुख्य विकास अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत एसबीएम फेज-02 के तहत व्यक्तिगत शौचालयों की समीक्षा के दौरान सभी एडीओ (पंचायत) से कहा कि व्यक्तिगत शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने की मॉग करने वाले जो लोग स्वयं से ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहें है, उन लोगों का ऑनलाइन आवेदन अपने कार्यालय से ही सुनिश्चित कराया जाय तथा प्राप्त आवेदनों का सत्यापन शीघ्र करा लिया जाय, जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सकें। उन्होने डीपीआरओ को भी व्यक्तिगत शौचालय की मॉग करने वाले व्यक्तियों का ऑनलाइन आवेदन अपने कार्यालय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एडीओ (पंचायत) को पंचायत सहायकों का मानदेय एवं इंटरनेट का भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें उन्होंने कन्सल्टिंग इंजीनियरों से कहा कि आवंटित ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन जाकर किये जा रहें विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अवर अभियंता नलकूप को ब्लॉकवार नलकूपों की सूची तथा नलकूपवार तालाब भरे जाने की सूची शीघ्र ही डीपीआरओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें उन्होंने सभी एडीओ (पंचायत) को ग्राम पंचायतवार 31 मार्च तक हैण्डपम्पों का सर्वे कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जेई लघु सिंचाई से रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद ही प्राथमिकता के आधार पर हैण्डपम्प का रिबोर कराया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जिन पेयजल परियोजनाओं से पेयजल की आपूर्ति हो रहीं है, उन सभी का सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय, जिससे आगामी गर्मी के दिनों में पेयजल आपूर्ति में किसी समस्या का सामना न करना पडे उन्होंने सभी एडीओ (पंचायत) से कहा कि आगामी गर्मी के दिनों में प्रत्येक विकास खण्डवार उन गॉवों को चिन्हित कर लिया जाय जिन गॉवों में टैंकर से पानी पहुँचाने की आवश्यकता पड़ सकती है तथा टैंकर की व्यवस्था के लिए टैंकर मालिकों की सूची बना लिया जाय। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालयों पर तैनात केयरटेकरों के मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। बैठक में डीपीआरओं ने बताया कि जनपद के ग्राम पंचायतों के निवासी पेयजल की समस्या के सम्बन्ध में कन्ट्रोल रूम नम्बर-8009677677 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकतें है, शिकायत तत्काल निस्तारित किया जायेंगा बैठक में बताया गया कि एसबीएम फेज-02 के तहत जनपद को आवंटित कैप 10 हजार 205 के सापेक्ष 9235 का एमआईएस एवं 5495 को प्रथम किस्त जारी कर दिया गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शेष लाभार्थियों को भी शीघ्र प्रथम किस्त जारी कर दिया जाय तथा शेष एमआईएस का कार्य भी 31 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाय। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त एवं अवशेष धनराशि से कराये गये कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत एसबीएम फेज-2 के अन्तर्गत चिन्हित लाभार्थियों के पक्ष में पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि हस्तान्तरण किये जाने, वित्तीय वर्ष 2022-23 में आईईसी/प्रचार- प्रसार मद में उपलब्ध धनराशि के व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रशासनिक मद में किये गये कार्य पर विचार-विमर्श उपरान्त समिति द्वारा अनुमोदन किया गया बैठक में बताया गया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत गंगा के किनारे अवस्थित ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के लिए शासन के निदेर्शानुसार कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि गोबर धन योजना के अन्तर्गत गाम टेंवा एवं बिदांव में बायोगैस प्लॉन्ट इकाई की स्थापना करायी जा रहीं है तथा प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट की इकाई टेंवा एवं पुरखास में स्थापित की जायेंगी।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सरला राय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी बाल गोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी

## संपादकीय

# कैलेंडर चला गया

**फिल्म** अभिनेता, निर्देशक सतीश कौशिक का असामयिक निधन फिल्म जगत के साथ-साथ उनके तमाम दर्शकों, प्रशंसकों के लिए बेहद दुखद खबर है। 66 बरस के सतीश कौशिक रूपहले पर्दे पर एक हास्य अभिनेता के तौर पर प्रतिष्ठित थे ही, वे असल जिंदगी में भी जिंदादिल इंसान माने जाते थे। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 13 अप्रैल, 1956 को जन्मे सतीश कौशिक की उच्च शिक्षा दिल्ली में हुई और कर्मभूमि मुंबई बनी। दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में रंगमंच की दीक्षा ली और उसके बाद भारतीय फिल्म व टेलीविजन संस्थान से पर्दे पर अभिनय, निर्देशन, संवाद लेखन के गुर सीखे। मुंबई उनके लिए सपनों का शहर ही नहीं, सपनों को हकीकत में बदलने औ? जिंदगी की सीख देने वाला शहर था। मुंबई की इस दरियादिली के लिए उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि 'मैं पश्चिम एक्सप्रेस से 9 अगस्त 1979 में एक्टर बनने के लिए मुंबई आया था। 10 अगस्त को मेरी पहली सुबह मुंबई में ही थी। मुंबई ने मुझे खुश रहने के लिए काम, दोस्त, पत्नी, बच्चे, घर, प्यार, सुकून, संघर्ष, सफलता, विफलता और साहस दिया। सुप्रभात मुंबई और उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने मुझे वो सब दिया जो मैंने सपने में भी नहीं सोचा था।' कई नामचीन कलाकारों की तरह सतीश कौशिक ने भी हुनर का धनी होने के बावजूद फिल्म इंडस्ट्री में काम और पहचान पाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। आजीविका के लिए छोटे-मोटे काम किए। लेकिन उन्होंने अपने जीवन व्यवहार में तल्खी नहीं आने दी। उनका नाम लेते ही हंसता-मुस्कुराता चेहरा याद आता है और यही सहज मुस्कान उनकी अमिट पहचान बनी रही। अपनी मृत्यु से कुछ पहले वे अपने मित्र के साथ दिल्ली में होली मना रहे थे और इसी दौरान उन्होंने बेचैनी की शिकायत की। उन्हें नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले सतीश कौशिक दम तोड़ चुके थे। माना गया कि उनकी मौत हृदयाघात से हुई है। हालांकि डॉक्टरों ने इस पर संदेह किया, तो दिल्ली पुलिस ने उनके शव का पोस्ट मार्टम भी कराया, लेकिन उसमें कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। इसलिए दिल के दौरे को ही फिलहाल मौत का कारण माना जा रहा है। कोरोना के बाद से अच्छे-खासे नजर आने वाले इंसानों की दिल के दौरे से मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। समाज में यह एक नए खतरे की तरह उभर गया है, जिसका निदान ढूंढना डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती है। सतीश कौशिक की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर होली मनाते हुए उनकी कुछ तस्वीरें हैं और एक पोस्ट भी, जिसमें उन्होंने बताया कि वे जावेद अख्तर के जुहू स्थित बंगले पर कुछ और फिल्म कलाकारों के साथ होली मना रहे हैं। यानी आखिरी वक्त तक सतीश कौशिक जीवन के रंगों का आनंद लेते रहे।

# अमेरिका, रूस-चीन के टकराव से वैश्विक खतरा

**संजीव**

**अमेरिका** ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर ईसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया है' यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया है' इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही है' अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया है' जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद है' वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता है' व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है। रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा। स्पष्ट है कि इस मामले में अमेरिका,ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैन्य बल की मदद करने को तैयार है। रूस के पास अब सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर चढ़ाई करने के अलावा कोई मार्ग शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति की यह आशंका कि रूस यूक्रेन पर फरवरी एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में बड़ा हमला कर सकता है निर्मूल नहीं है।

# राष्ट्र का विकास बाधित होगा संसदीय गतिरोध से

**ललित गर्ग**



**संसद** की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। यही स्थिति संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में देखने को मिल रही है, इस सत्र को शुरू हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है। जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं। विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है?

कितना दुखद है कि एक दिन भी संसद में ढंग से काम नहीं हो सका है। विवादों का ऐसा सिलसिला छिड़ गया है, जो लगता नहीं कि आसानी से खत्म होगा। विवाद संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर पहले भी आए हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आई है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि ऐसा होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि यह तय है कि राहुल गांधी लंदन में दिए गए अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगने वाले। एक ओर जहां मल्लिकार्जुन खरगे यह साफ कर चुके हैं कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगने वाले, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के अन्य नेता भी यह सिद्ध करने में लगे हुए हैं कि उनके नेता ने लंदन में वैसा कुछ कहा ही नहीं, जैसा बताया जा रहा है। इस तरह की द्वंद्वपूर्ण स्थितियों से तो संसदीय मयार्दाएं बार-बार भंग होती रहेगी एवं संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहेंगे। गलत को गलत न मानने की हठ को कैसे स्वीकार्य किया जा सकता है? यह कैसी हठधर्मिता है कि भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ करने वाले राहुल के माफी मांगने पर कांग्रेस तैयार नहीं कि उन्होंने कुछ गलत किया है।

संसद का यह सत्र इसलिये भी आक्रामक बना हुआ है कि पक्ष एवं विपक्ष दोनों की ही नजरों में वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव है। इसीलिये इसके आसार नहीं कि राहुल गांधी माफी मांगेंगे, वैसे ही इसके भी कोई संभावना नहीं कि मोदी सरकार अदाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की विपक्ष की मांग मानने के लिए तैयार हो जाएगी। इसका एक कारण तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा कर चुका है और दूसरा यह कि वित्तीय मामलों में अब तक गठित संयुक्त संसदीय समितियों ने जांच के नाम पर या तो लीपापोती की है या फिर दलगत राजनीति। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की विपक्ष की मांग का मुख्य उद्देश्य इस मामले को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखना है। चूंकि सरकार विपक्ष के इस इरादे को भांप चुकी है, इसलिए वह उसकी मांग पर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं। कैसी विचित्र एवं त्रासद स्थिति है कि सबके सामने देश नहीं, सत्ता का स्वार्थ है। देश को बनाने एवं विकास की रफ्तार देने के लिये बजट का लोकतांत्रिक तरीकों से पारित होना जरूरी है। यदि ऐसा नहीं होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं।

> आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- भारतीय राजनीति में ऐसे लोग गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियां से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते। आजादी के बाद सात दशक बीत चुके हैं

आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- भारतीय राजनीति में ऐसे लोग गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियां से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते। आजादी के बाद सात दशक बीत चुके हैं, लोकतंत्र के सारथियों की परिपक्वता नहीं पनप पा रही हैं, साफ चरित्र जन्म नहीं ले पाया है, लोकतंत्र को हांकने के लिये हम प्रशिक्षित नहीं हो पाये हैं। उसका बीजवपन नहीं हुआ या खाद-पानी का सिंचन नहीं हुआ। आज आग्रह पल रहे हैं-पूर्वाग्रहित के बिना कोई विचार अभिव्यक्ति नहीं और कभी निजी और कभी दल स्वार्थ के लिए दुराग्रही हो जाते हैं। कल्पना सभी रामराज्य की करते हैं पर रचा रहे हैं महाभारत। महाभारत भी ऐसा जहां न श्रीकृष्ण है, न युधिष्ठिर और न अर्जुन। न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला।

विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी। इसके चलते अब संसद के सत्रों के दौरान कहीं अधिक शोर-शराबा होने लगा हैं। ऐसा होने का सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता है। कायदे से इस अप्रिय स्थिति से बचा जाना चाहिए। यह एक बड़ा सच है कि लोकतंत्र एक जटिल व्यवस्था है और इसे बार-बार परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। निश्चित ही, लोकतंत्र पर देश में या देश से बाहर टिप्पणी करते समय व्यापकता में विचार करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र के किसी भी बड़े नेता की टिप्पणियों में शासन-प्रशासन का इतिहास और भूगोल, भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के स्वर होने ही चाहिए। आशा की जाती है कि लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद होगी कि इस बार भी निखरेगा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि भारतीय लोकतंत्र को हांकने वाले लोग आखिर कब परिवक्व होंगे? कब भारतीय लोकतंत्र इन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण त्रासदियों से बाहर आयेगा? संसदीय लोकतंत्र की अपनी मयार्दाएं हैं, वह पक्ष-विपक्ष की शर्तों से नहीं, आपसी समझबूझ, मूल्यों एवं आपसी सहमति की राजनीति से चलता है। एक तरह से साबित हो गया, भारतीय राजनीति में परस्पर विरोध कितना जड़ एवं अव्यावहारिक है। राजनीति की रफ्तार तेज है, लेकिन कहीं ठहरकर सोचना भी चाहिए कि लोकसभा, राज्यसभा में थोड़ा सा समय विरोध-प्रतिरोध के लिए हो और ज्यादा से ज्यादा समय देश के तेज विकास एवं देश निर्माण की चचाओं एवं योजनाओं में लगें।

हमारे राजनेता जब टकराव पर उतरते हैं, तो शायद नहीं सोचते कि देश में क्या संदेश जा रहा है। संसद के इस सत्र में केवल बजट पर ही बहस नहीं होनी है, बल्कि कम से कम तीन दर्जन विधेयक भी पारित होने हैं। इनमें से कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। यदि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते प्रस्तावित विधेयक पारित नहीं हो पाते तो यह एक तरह से राष्ट्र की राह रोकने वाला काम होगा। उचित यह होगा कि सत्तापक्ष और विपक्ष यह समझें कि संसद में गतिरोध की स्थिति पैदाकर वे जनता को निराश करने का ही काम कर रहे हैं। क्या भारतीय राजनीति में आज इतनी शालीनता भी नहीं बची कि अपनी गलती को गलती के रूप में स्वीकार कर आगे ऐसी त्रासद घटनाओं के न होने के लिये संकल्पित हो।

प्रेषकः

# भ्रष्टाचार पर लगातार वार होना चाहिए

**-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालते ही अपनी सरकार का इरादा साफ कर दिया था। कहा था- न खायेंगे और न खाने देंगे। बाद के दिनों में भी पीएम मोदी लगातार भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बात करते रहे हैं। तब शायद किसी को यह अंदाजा नहीं रहा होगा कि देश में अवैध कमाई और दूसरे गलत माध्यमों से अर्जित धन को खोद निकालने के लिए सुस्त पड़े प्रवर्तन निदेशालय को सक्रिय करने की उन्होंने योजना बना ली है। उनकी चेतावनी के बावजूद अवैध धन अर्जित करने की धुन में लोग लगे रहे। ईडी की सक्रियता देखते हुए लगता तो है कि अब उनकी खैर नहीं। कड़वा सत्य है कि राजनीतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार एक-दूसरे के परस्पर गठजोड़ से ही पनपते हैं। खास बात यह है कि इस भ्रष्टाचार में निजी क्षेत्र और कार्पोरेट पूंजी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बाजार की प्रक्रियाओं और शीर्ष राजनीतिक-प्रशासनिक मुकामों पर लिए गए निर्णयों के बीच सांठ-गांठ के बिना यह भ्रष्टाचार इतना बड़ा रूप नहीं ले सकता। आजादी के बाद भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार की यह घनिष्टता तेजी से पनपी है। निजी क्षेत्र को दिए गए ठेकों और लाइसैंसों के बदले लिया गया कमीशन, हथियारों की खरीद-बिक्री में लिया गया कमीशन, फजीवाड़े और अन्य आर्थिक अपराधों द्वारा जमा की गई रकम, टैक्स-चोरी में मदद और प्रोत्साहन से हासिल की गई रकम, सरकारी प्रभाव का इस्तेमाल करके किसी कंपनी को लाभ पहुंचाने और उसके बदले रकम वसूलने और फायदे वाली नियुक्तियों के बदले वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं द्वारा वसूले जाने वाले अवैध धन जैसी गतिविधियां प्रशासनिक भ्रष्टाचार की श्रेणी में आती हैं। पहले भी घोटाले-घपले और भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते रहे हैं, लेकिन वे अंजाम तक नहीं पहुंच पाये। भ्रष्टाचार के सुरसा की मुंह की तरह बढ़ते जाना उसी का नतीजा है। ईडी ने हाल ही में ताजा आंकड़े जारी किये हैं। उसमें यूपीए और मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ साल का लेखाजोखा है। प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि अप्रैल 2014 से मार्च 2022 के दरम्यिान 3,555 केस दर्ज किए गए और 99 हजार 355 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गयी। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के नौ साल यानी जुलाई 2005 से मार्च 2014 तक के कार्यकाल में ईडी ने 1,867 मामले दर्ज किए थे और मनी लॉन्ड्रिंग के तहत 4,156 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महज पिछले 4 महीनों में 7,833 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच हुई है और 785 नए मामले दर्ज किए गए हैं। यूपीए सरकार के नौ साल के मुकाबले मोदी सरकार के कार्यकाल में ईडी द्वारा दर्ज मामले 88 प्रतिशत तक बढ़े हैं। अप्रैल 2021 से 30 नवंबर 2021 के दौरान देश में मनी लॉन्ड्रिंग के 395 मामले दर्ज हुए थे और 8,989.26 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की गई थी। इन आंकड़ों को देखने पर इस बात की आश्वस्ति तो होती ही है कि यूपीए सरकार में सुस्त पड़े ईडी की सक्रियता मोदी के कार्यकाल में बढ़ गयी है। ईडी में 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ जांच जारी है। वे सभी विपक्ष के नहीं हैं। ये जांच एजेंसियां पहले की सरकारों के अधीन भी कार्यरत थीं, लिहाजा आज भी मौजूदा सरकार के संवैधानिक अधिकार-क्षेत्र में हैं। यदि आज इनका दुरुपयोग किया जा रहा है, तो पहले की सरकारों ने भी तोताक बनाकर रखा था। यह सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी है। मामलों का कम और ज्यादा होना बेमानी है।

मोदी सरकार राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार पर ही नहीं नौकरशाहों की भी लगाम कसे हुए हैं। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 22 अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है। जिन 22 अधिकारियों को सेवानिवृत्त किया गया है वह अधीक्षक और एओ रैंक के हैं। इन्हें जनहित के मौलिक नियम 56 (जे) के तहत सेवानिवृत्त किया गया है। सभी पर भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे थे। जिसके कारण यह फैसला लिया गया था। वैसे यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए सीबीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया है। इससे पहले जून 2019 में 15 अधिकारियों को भी सेवानिवृत्त किया गया था। यह अधिकारी सीबीआईसी के प्रधान आयुक्त, आयुक्त, और उपायुक्त रैंक के थे। जिसमें ज्यादातरों पर भ्रष्टाचार, घूसखोरी के आरोप लगे थे। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कर विभाग के 12 वरिष्ठ अधिकारियों को सेवानिवृत्त किया गया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम 2014 से ही मोदी सरकार का बुनियादी सरोकार रहा है। सचिव स्तर के अधिकारियों और वरिष्ठ नौकरशाहों के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बिलकुल स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में किसी भी आधार और स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगा। अलबत्ता अधिकारी खुद को ही पीएम समझें और आगामी पांच सालों का एजेंडा तैयार करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार इसमें बहुत बड़ा व्यवधान है, लिहाजा मोदी सरकार ने अपनी दूसरी पारी भ्रष्टाचार पर सर्जिकल स्ट्राइक से शुरू की है। अपने बीते कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 3 लाख फर्जी कंपनियों पर ढक्कन लगवाए थे। बेनामी संपत्ति और भगौड़ा आर्थिक अपराधी कानून बनाए। करीब 1.25 लाख संदिग्धों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांचात्मक कार्रवाई की जा रही है।

अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि ज्यादातर संदिग्धों को जेल की हवा खानी ही पड़ेगी। बैंकों में भ्रष्ट लेन-देन की भी जांच जारी है। संपत्ति की खरीद-बेच में नकदी की सीमा तय कर दी गई है। अब काला-सफेद की गुंजाइश बहुत कम रह गई है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आम जनता की अपेक्षा यह है कि अंततरू भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन, सरकार ही होनी चाहिए। वास्तव में राजनेताओं का भ्रष्टाचार लूके-छिपे यथावत बदस्तूर जारी है। यह एक बड़ा सच है कि यदि नेता लोग रिश्वत नहीं खायेंगे, डरा-धमकाकर पैसा वसूल नहीं करेंगे और बड़े व्यावसायिक घरानों की दलाली नहीं करेंगे तो वे चुनावों में खर्च होने वाले करोड़ों रुपया कहां से लाएंगे? उनके ऐशोआराम पर रोज खर्च होनेवाले हजारों रुपया का इंतजाम कैसे होगा? उनकी और उनके परिवार की चकाचैंधपूर्ण जिंदगी कैसे चलेगी? इस राजनेताओं की भ्रष्ट अनिवार्यता को ढाई हजार साल पहले आचार्य चाणक्य और यूनानी दार्शनिक प्लेटो ने अच्छी तरह समझ लिया था। इसीलिए चाणक्य ने अपने अति शुद्ध और सात्विक आचरण का उदाहरण प्रस्तुत किया और प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में दार्शनिक राजा की कल्पना की, जिसका न तो कोई निजी परिवार होता है और न ही निजी संपत्ति। लेकिन आज की राजनीति में परिवारवाद और निजी संपत्तियों के लालच ने देश की राजनीति को बर्बाद करके रख दिया है। नेताओं का भ्रष्टाचार ही नौकरशाहों को भ्रष्ट होने को प्रोत्साहित करता है।

# आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सहकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें, का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी।

साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नईप्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी।

उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें।

उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है। उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है।

## जय हो बहरूपिए बाबा की

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यह** जानते हुए कि सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं बावजूद इसके उसे सस्ता कहना, बड़े जिगरे का काम है। यह अंधभक्ति की पराकाष्ठा है। मैं इस पराकाष्ठा का मजा लेने का आदी हो गया हूँ। यह मजा बाहर से मुस्कुराने और भीतर से रोने का टू इन वन अहसास देता है। इसलिए जिनमें देशभक्ति नहीं है उन्हें यह मजा नहीं लेना चाहिए। जो महंगे को सस्ता नहीं कह सकते उनके लिए दो रास्ते हैं- देशद्रोही कहलायें या मर जाएँ। अंधभक्त होना एक महान वरदान है। अंधभक्त न हों तो देश कब का बर्बाद हो जाता। उनके होने से ही निर्बाध गति से साँस ले पा रहे हैं। सूर्य का पूर्व से उदित होना, शाम को पश्चिम में अस्त होना यह सब क्या है? क्या यह सत्तर साल पहले हो पा रहा था? नहीं। कभी नहीं। यह सब तो पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है। अभी जो राजाबाबू हैं, वे बड़े ही निहायती और अच्छे किस्म के आदमी हैं। अंधभक्तों की नजर से देखें तो उनमें भगवान नजर आते हैं। बहुत बड़े पद पर हैं। भेष बदलने में नंबर वन हैं। पल में रोना और पल में हँसना उनके बाएँ हाथ का खेल है। खुद किसी को कोई चीज दें तो उसे समय की जरूरत कहेंगे और कोई दूसरा दे दे तो उसे रेवड़ी का टैग लगाकर धोबी पछाड़ का मजा चखायेंगे। हमारे यहाँ चुनाव के दिन चल रहे थे। राजाबाबू अपनी आदत के अनुसार भेष बदलकर हमारे यहाँ पहुँच गए। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क आदि छोड़कर शेष सभी विषयों पर घंटों बात करने लगे। न जाने किसी अज्ञानी ने बीच में पूछ लिया कि हमारी जरूरतें कब पूरा होंगी तब उन्होंने भगवान का वास्ता देकर भजन-कीर्तन करने के लिए कहा।

## फटाफट खबरें

### छात्रों के भविश्य के साथ जिम्मेदार कर रहे खिलवाड: अनिल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जिले में मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नहीं कराई जा रही। इसका खामियाजा मेधावी छात्र-छात्राओं को भुगतना पड रहा है।

षुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूटधाम मंडल के एडी बेसिक की लापरवाही का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड रहा है। बेसिक स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं को मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता न कराने से छात्र-छात्रायें प्रदेष स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गये हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चैम्पियन बने छात्र-छात्राओं में मायूसी है। अधिकारियों ने छात्रों के भविश्य के साथ खिलवाड किया है। ऐसे भ्रश्ट अधिकारी-कर्मचारी सरकार की नीतियों पर पलीता लगा रहे हैं। लखनऊ में प्रदेष स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हो चुकी है, लेकिन चित्रकूटधाम मंडल के प्रतियोगी छात्रों को इसकी जानकारी नहीं है। आखिर इस भद्दे मजाक के लिए कौन जिम्मेदार है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये, ताकि भविश्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो सके।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रदेश सह प्रभारी ने किया बैठक

**वाराणसी, मिजा**र्मुराद। क्षेत्र के गौर गांव स्थित स्व. वंश नारायण सिंह महिला महाविद्यालय में बुधवार की दोपहर राजातालाब मंडल व कछवांरोड स्थित कमलोदय बालिका विद्यालय में सेवापुरी मंडल की बैठक भाजपा उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

भाजपा सह प्रभारी सुनील ओझा ने बैठक में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकताओं के साथ संवाद किया व वही 24 मार्च को प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को समपन्नता हेतु योजना रचना का निर्माण किया व इसे सफल बनाने के लिए भारी से भारी संख्या में जनमानस की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक के पूर्व महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने सह प्रभारी सुनील ओझा को मोमेंटो व गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

इस दौरान जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द पटेल, पूर्व राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा अजय सिंह 'मुन्ना', मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी, सुरेन्द्र बिंद, कार्यसमिति सदस्य दिनेश तिवारी, उपेन्द्र सिंह, अमित पांडेय 'रिंकू', अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', नीरज पांडेय, मनोज सिंह, सुनीता सिंह, अनिता सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।मंच का संचालन अरुण तिवारी व सतेंद्र सिंह ने किया।

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति का अभिनन्दन

**सुलतानपुर। अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति का अभिनन्दन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत मेधावी छात्राओं का सम्मान एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के अन्तर्गत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन सांसद मेनका संजय गांधी की अध्यक्षता में पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार सुलतानपुर में किया गया, जिसमें सांसद महोदया द्वारा नारी शक्ति के अभिनन्दन, मेधावी छात्राओं का सम्मान एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए नारी सशक्तिकरण के बारे में अवगत कराया कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अपना परचम दिखा रही हैं। जनपद में बेटियों ने अपनी मेहनत से बोर्ड परीक्षा में प्रथत 10 स्थानों उत्तीर्ण की। जिसके लिए मेधावी छात्राओं को बहुत बधाई दी गयी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जब शुरूआत हुई थी तब बेटी और बेटे का लिंग अनुपात बराबर नहीं था, परन्तु योजना के वृहद प्रचार-प्रसार से लोगो की मानसिकता में बदलाव आया, जिससे आज लिंग अनुपात लगभग बराबर हो रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ0 आर0ए0वर्मा द्वारा सम्मानित महिला अधिकारियों से मेधावी छात्राएं प्रेरणा ले और उच्च पदों पर आसीन हो कर समाज में नाम रोशन करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटियों को प्रोत्सहित किया गया। तथा बेटियां अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभा रहीं है। इस योजना का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। साथ ही उक्त कार्यक्रम की सराहना की गयी। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा द्वारा उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से संचालित समस्त योजनाओं जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, जिसमें समाज कुरीतियों को समाप्त किया जा सकें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19/सामान्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

### भाजपा के शक्ति केंद्र पर कार्यशालाओं का आयोजन, मंत्री का किया गया भव्य स्वागत

**गाजियाबाद। लोनी,** केंद्रीय मंत्री व सांसद गाजियाबाद, जनरल वी.के. सिंह भाजपा के मंडल अध्यक्ष राहुल बैसला के आवास पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता राहुल बैसला के नेतृत्व में सैकडो ग्रामवासियों ने पगड़ी बांधकर एवं पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया वहीं भाजपा ज़िला अध्यक्ष दिनेश सिंघल का भी पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों ने जनरल साहब द्वारा पूर्व में लोनी राशिद अली गेट से शब्लू गढ़ी मार्ग के जर्जर 700 मीटर के निर्माण कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और राहुल बैसला ने शेष बचे लगभग एक किलोमीटर मार्ग के निर्माण कराने के लिए पत्र दिया। जिसको लेकर जनरल वीके ने जल्द ही मार्ग को बनवाने का आश्वासन दिया और भव्य स्वागत के लिए राहुल बैसला व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राम विहार मंडल अध्यक्ष शानू इदरीसी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत लोनी विधानसभा क्षेत्र की गढ़ी शबलू गांव में शक्ति केंद्र में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जहां कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने के गुर सिखाए गए।

## मऊ के बच्चों ने विभिन्न स्थलों का किया भ्रमण

### पुरातत्व महत्व को जाना

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** राज्य परियोजना कार्यालय से मिले निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत शुक्रवार को विकास खण्ड मऊ के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान विषय में विशेष रूचि रखने वाले 50 छात्रों को षैक्षणिक भ्रमण के तहत जिले के विभिन्न शैक्षिक, पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया गया।

षुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ .ष्णदत्त पाण्डेय ने हरीझंडी दिखाकर बस को रवाना किया। भ्रमण के तहत गणेश बाग, कलेक्ट्रेट, देवांगना घाटी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय की विभिन्न फैकल्टीज, आरोग्य धाम व दिव्यांग विश्वविद्यालय आदि विभिन्न पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक महत्व के स्थलों पर बच्चों को भ्रमण कराया।



राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर प्रत्येक छात्र-छात्राओं को बैग, बिस्किट, पानी की बोतल, चिप्स पैकेट, नोटपैड, पेन आदि सामग्री जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव ने गणेश बाग में बांटी, ताकि बच्चे भ्रमण के साथ सूक्ष्म जलपान भी लेते रहें। महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट भी करते रहें।

मध्यान्ह में बच्चों व सहयोगी शिक्षकों को भोजन ग्रहण कराया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, एआरपी एवं कार्यालय स्टाफ राजकुमार, रवि गुप्ता, रीता साहू, श्रीमती सुमन देवी, श्रीमती मीना कुमारी, गंगाधर एवं राकेश त्रिपाठी व सत्येंद्र सिंह समेत विभिन्न शिक्षकों ने बच्चों को संबंधित स्थलों के बारे में जानकारी दी। पुरातत्व एवं वैज्ञानिक .ष्टिकोण से उनके महत्व को समझाया।

## रघुवीर मंदिर को एफएसएसएआई ने दी सेफ भोग प्लस की मान्यता

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के रघुवीर मंदिर चित्रकूट जानकीकुंड में अन्न क्षेत्र को भारतीय खाद्य संरक्षण एवं मानक प्राधिकरण ने अब सेफ भोग प्लस की सौगात दी है। यहां पर रोजाना हजारों लोग भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। चार माह तक गुणवत्ता की कसौटी में कसने के बाद रघुवीर मंदिर को यह सौगात मिली है।

अगर किसी धार्मिक शहर के किसी एक हिस्से को सेफ प्लस घोषित किया जाता है तो उस स्थान के आस पास खान पान का स्तर बढ़ जाता है। श्रद्धालुओं को



मंदिर कैंपस में गुणवत्तापूर्ण खाना मिलने की पूरी संभावना बढ़ जाती है। संबंधित संस्था का एफएसएसएआई से मान्यता प्राप्त थर्ड पार्टी से ऑडिट कराई जाती है, जिसमें कई मानकों का पूरा ध्यान रखा जाता है। मसलन संस्थान को कच्ची सामग्री का भंडारण, परिवहन, कीटों के प्रवेश एवं पनपने पर रोक, फर्श दीवारों आदि की सफाई, मक्खियों, मच्छर एवं अन्य कीड़ों को रोकने को जाली, एलमुनियम या स्टेनलेस स्टील के बर्तन एवं मशीनरी का उपयोग एवं उनकी धुलाई, आरओ के पानी का उपयोग तथा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से उसकी जांच कूड़ेदान के प्रयोग का तरीका ठंडे गर्म पानी की पर्याप्त आपूर्ति कर्मचारियों की व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं मेडिकल जांच रिपोर्ट पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था दूध, फल, सब्जी का भंडारण, उचित तापमान पर रखने एवं भंडारण करने वाले कक्ष में अपनाए जाने वाले तरीके, भोजन के पूर्व की तैयारी एवं हर प्रकार के मापदंडों का पालन करना जरूरी होता है। तभी सेफ भोग प्लस की मान्यता मिलती है और ये सारे मापदंड श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट जानकीकुंड के रघुवीर मंदिर में एफएसएसएआई के आडिट पार्टनर क्यूएसीएस ने ऑडिट के दौरान पाया है। जिसको लेकर भारतीय खाद्य संरक्षण एवं मानक प्राधिकरण ने सेफ भोग प्लस की सौगात दी।

## मनरेगा के हाल-बेहाल: भ्रष्टाचार का है बोलबाला

### कब ध्यान देंगे उच्चाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में जिला प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मनरेगा कार्यों में अनुपात के बिना काम कराकर जिम्मेदार मालामाल हो रहे हैं। ब्लाक प्रमुख अरविन्द कुमार मिश्र ने कार्यों का अवलोकन कर कहा कि भ्रश्टाचार चरम पर है। इसे रोकने के प्रयास किये जा रहे हैं।

षुक्रवार को मनरेगा कार्य में भ्रश्टाचार का खुलासा हुआ। बताया गया कि मानिकपुर ब्लाक मे कुछ दिन पहले सचिव को रिष्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने पकड़ कर जेल भेजा था। इसके बाद भी सचिव की मनमानी जारी है। बिना कमीशन के कोई भी सचिव कार्य नहीं करते। आखिर उच्चअधिकारी



मामले को संज्ञान में क्यों नहीं लेते। कभी पाठा में विकास के हर काम में डकैत कमीशन लेते थे। अब ब्लॉक में भ्रष्टाचार का आलम इस कदर बढ़ गया है कि बिना कमीशन कोई काम नहीं होते। भोली-भाली जनता को आज भी लूट का शिकार होना पड़ रहा है।

सूत्रों की माने तो ब्लॉक में बिना कमीशन कोई फाइल पास नहीं होती।

नीचे से ऊपर तक सभी का कमीशन तय है। मनरेगा योजना में किसका कितना कमीशन होगा, ये सुनकर सभी लोग हैरान हो जायेंगे। प्रधान ने नाम न छापने पर बताया कि हर टेबल पर कमीशन देना पडता है। ऐसे में कैसे विकास होगा। मनरेगा योजना फाइल बनाने को आईडी निकालने पर दो फीसदी, बीडीओ का 12 फीसदी, टीएस का एक फीसदी, सचिव का दस फीसदी, जेई मनरेगा पांच फीसदी, एनआरपी बाबू का एक फीसदी कमीषन निर्धारित है। मनरेगा में घोटालेबाजी की जड़ें इस कदर मजबूत हैं कि कोई भी ग्रामीण विरोध का साहस नहीं करता। मनरेगा लोगों को रोजगार से जोड़ने की योजना है, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। पंचायत में तरह-तरह के कार्य होते हैं, लेकिन लोगों ने रोजगार मुहैया कराने वाली योजना को अपने ढंग से ढाल लिया है। अब देखना है कि भोली-भाली जनता यूं ही घोटालेबाजी की चक्की में पिसती रहेगी या फिर अधिकारी मनरेगा के वास्तविक उद्देश्य को धरातल पर उतारेंगे।

## 13 अप्रैल को व्यापारी महासम्मेलन की बनाई रणनीति

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राश्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक षंकर बाजार कार्यालय में राश्ट्रीय महामंत्री संगठन षानू गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। 13 अप्रैल को कर्वी में व्यापारी महासम्मेलन की रणनीति बनाई। आगामी पालिका चुनाव के मद्देनजर व्यापारियों के मान-सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा ई-कामर्स कारोबार जैसे ज्वलंत मुद्दे पर चर्चा की गई।

षुक्रवार को बैठक में निर्णय लिया कि जिले के व्यापारियों समेत राश्ट्रीय व प्रदेष स्तर के पदाधिकारियों को महासम्मेलन में बुलाया जायेगा। व्यापारी नेता षानू गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका चुनाव में व्यापारी एकजुटता का बडा संदेष देंगे। व्यापारियों के कल्याण को कई मुद्दों पर चर्चा की गई। षानू ने कहा कि ई-कारोबार ने व्यापारियों का कारोबार चैपट कर दिया है। इस ज्वलंत मुद्दे पर महासम्मेलन में चर्चा खासी गर्म होगी।



बैठक में जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद केसरवानी, मण्डल सचिव विनोद आर्य, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, मुख्य संरक्षक सुनील हड्डू, उपाध्यक्ष विष्णु केसरवानी, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, राजापुर अध्यक्ष शंकर दयाल केसरवानी, महामंत्री राजेश केसरवानी, कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, संगठन मंत्री विवेक पाठक, ब्रजेश सिंह पटेल, रविराज अग्रहरि, स्वतंत्र गुप्ता, गुलाब यादव, पप्पू साहू, सुनील जायसवाल, दषरथ केसरवानी, अमित गुप्ता, नोखेलाल, मनोज गुप्ता, आनन्द गुप्ता, संतोष गुप्ता, तन्नू अग्रहरि, ललित जायसवाल, नारायणदास, मोहम्मद राज, हिमांशु केसरवानी, मनीष गुप्ता, राजेन्द्र मामा, रूपेस निगम, महेश गुप्ता, आनन्द बाबा, शिवम गुप्ता, सूरज, ओमकार गुप्ता, रामआसरे सोनी, संजीव गुप्ता, लोखू पहारिया, राम जी केसरवानी, माणिकलाल सभासद, राकेश केसरवानी, टीटू अग्रहरि, मोइन, पंकज केसरवानी, रवि श्रीवास्तव, जनार्दन चतुवेर्दी, अखिलेश तिवारी, राजाराम विश्वकर्मा, शुशील पाण्डेय, अनिल कुमार, सुरेश रैकवार आदि सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### योगी के नये नियम का कांग्रेस करेगी विरोध: कुषल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुषल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में योगी सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति की भूमि बिना डीएम के अनुमति के बेंचने के निर्णय का विरोध जताया। कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति-जनजाति के हितों को ध्यान में दखते हुए भूमिहीन से बचाने को जमीदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 बनाया था।

षुक्रवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष कुषल सिंह पटेल ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग जमीन बेंचना चाहते हैं तो उन्हें जिलाधिकारी से अनुमति लेनी पडती है। अब प्रदेष की योगी सरकार कांग्रेस के बनाये नियम को पलट रही है। सरकारों ने कुछ उद्योगपतियों को सम्पूर्ण भारत बेंचने की साजिष कर ली है। योगी-मोदी की सरकारें अंबानी, अडानी को देष का कण-कण सौंपने का प्रयास कर रहे हैं। इसका जीवन्त प्रमाण है उत्तर प्रदेष जमीदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम के तहत लाखों अनुसूचित जाति-जनजाति लोगों को पट्टे से मिली जमीन से वंचित कर दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत अनुसूचित जाति के लोग पूरी तरह से भूमिहीन हो जायेंगे। सरकार के दबाव में अनुसूचित जाति के पास जो थोडी बहुत कृशि योग्य भूमि है, वह भी औने-पौने दाम पर बिक जायेगी। चेताया कि कांग्रेस योगी सरकार के इस नियम का पुरजोर विरोध जतायेगी। बैठक में षिवगुलाम वर्मा, ओमप्रकाष गुप्ता, कामता प्रसाद द्विवेदी, अवधेष करवरिया, चुनबाद प्रसाद एड आदि मौजूद रहे।

### दो दम्पतियों को पुलिस ने किया एक, षादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयासों के क्रम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह की टीम ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को समाप्त कराकर आपस में सुलह कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

षुक्रवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के भुजौली गांव की श्रीमती मंजू देवी व श्रीमती केता पुत्री लवलेष निवासी भरतकूप ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि उनके पति गाली-गलौज कर विवाद करते हुए घर में नही रखते। पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा।

प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह की टीम ने शिकायतकर्ता महिलाओं की शिकायतों को विस्तार से समझकर द्वितीय पक्षों से सम्पर्क कर उन्हें पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो दम्पत्ति को भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पति-पत्नि के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह ने दोनों जोंड़ो को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवाग्नी श्रीवास्तव, महिला सिपाही सुरुची चैधरी षामिल रहीं।

इसी क्रम में सीतापुर चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने दुश्कर्म, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वांछित नरेन्द्र गिरि पुत्र नानबाबू गिरि निवासी तीर्थराजपुरी को गिरतार कर जेल भेजा है। टीम में सिपाही षिवम वर्मा व अनुज यादव षामिल रहे।

## रामनवमी पर्व पर तीर्थ क्षेत्र में जगमगायेंगे 11 लाख दीप

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने तीस मार्च रामनवमी के दिन चित्रकूट गौरव दिवस मनाने बाबत 14 मार्च को खोया-पाया केन्द्र रामघाट व 17 मार्च को पंचायत भवन बालापुरमाफी खोही में समीक्षा बैठक कर 11 लाख दीप मप्र परिक्षेत्र में छह लाख व पांच लाख जलाने का निर्णय लिया। कामदगिरि खोही में ढाई लाख व रामघाट में ढाई लाख दीपक जलाने का निर्णय लिया गया।

षुक्रवार को हुई बैठक में निर्णय लिया कि सभी लोग दीपक, बाती, तेल आदि की व्यवस्था एवं जलाने का प्रबंध खुद करेंगे। ईओ नगर पालिका को निर्देष दिये कि सभी लोगों को निर्धारित तिथि से पहले सामग्री उपलब्ध करा दें। एसडीएम सदर राजबहादुर ने बताया कि इस आयोजन



को जोन व सेक्टर बांटे गये हैं। षाम सात बजे से साढे सात बजे तक दीपक जलाये जायेंगे। इस समय विद्युत व्यवस्था बन्द रहेगी, ताकि दीपों की रोषनी दिखाई दे सके। मठ-मन्दिरों के महंतों से अपेक्षा की गई कि सभी लोग दीपक जलाने का लक्ष्य निर्धारित करें। होटल, लाज, सविता समाज, वार्ड मेम्बर, सामाजिक समाजसेवी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया, व्यापारी सभी लोग लक्ष्य निर्धारित करें।

बैठक में एसडीएम सदर राजबहादुर, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, महंत ष्यामदास, नारायण दास, नवलेष दीक्षित, पूर्व प्रधान अरुण त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद, अषोक त्रिपाठी, बाबूलाल पाण्डेय, भोलादास, जितेन्द्र मिश्रा, रहमत अली आदि मौजूद रहे।

## नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय का ट्विटर अकाउंट फिर से बहाल

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद कार्यालय का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट हैक होने के बाद फिर से बहाल हो गया है। कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 15 मार्च से ट्विटर हैंडल में अनधिकृत प्रवेश और असंबद्ध ट्वीट की घटना की जांच जारी है। कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि टूङ्कफैक्टर ऑथेंटिकेशन सहित सभी सुरक्षा उपायों को अपनाए जाने पर भी ट्विटर हैंडल पर अनधिकृत एक्सेस था। कहा जा रहा है कि इस बारे में सच्चाई जल्द ही सामने आ जाएगी। इससे पहले, नेपाल के प्रधान मंत्री कार्यालय के ट्विटर अकाउंट पर कुछ असामान्य विषयों को रीट्वीट किया गया था। तीन अलगङ्कअलग समय पर तीन अलगङ्कअलग और अप्रासंगिक रीट्वीट ने सरकारी एजेंसियों की वेबसाइटों और सोशल नेटवर्क की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था।

## पेरिस में भड़के सरकार विरोधी प्रदर्शन, हजारों लोग सड़कों पर उतरे, आगजनी-पथराव

**पेरिस।** फ्रांस में सरकार विरोधी उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके चलते पेरिस की सड़कों पर जगह-जगह आगजनी और पथराव, नारेबाजी देखने को मिल रही है। दरअसल सरकार के फैसले की वजह से यह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खबर के अनुसार, फ्रांस की इमैनुएल मैक्रों सरकार ने रिटायरमेंट की उम्र में दो साल का इजाफा कर दिया है। जिसे लेकर विरोध उग्र हो गया है।

**जानिए क्यों हो रहे हैं प्रदर्शन**

बता दें कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने रिटायरमेंट की उम्र 62 साल से बढ़ाकर 64 साल कर दी है। सरकार का तर्क है कि फ्रांस के पेंशन सिस्टम को कंगाल होने से बचाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके लिए फ्रांस की संसद में वोटिंग होनी थी लेकिन बताया जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने एक संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए संसद में बिना वोटिंग के ही नए कानून को लागू कर दिया।

**पेरिस की सड़कों पर आगजनी**

सरकार के इस फैसले के विरोध में पेरिस में लोग सड़कों पर उतर गए और सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान भारी भीड़ को जब पुलिस ने नियंत्रित करने की कोशिश की तो प्रदर्शन उग्र हो गया। इसके बाद जगह जगह पेरिस की सड़कों पर आगजनी और पथराव देखने को मिला। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। वहीं फ्रांस की संसद में भी इस कानून का विरोध हो रहा है और कई सांसद इसका विरोध कर रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन की कई वीडियों और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पुलिस ने प्रदर्शनों के चलते करीब 120 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## रूस के वैगनर ग्रुप ने इटली के रक्षा मंत्री पर रखा 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम

**मास्को।** इटली की खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि रूस के वैगनर ग्रुप ने इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो पर 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 123 करोड़ रुपये) का इनाम रखा है। इटली के एक न्यूज पेपर ने खूफिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया है। इसके बाद इटली के रक्षा मंत्री की सुरक्षा को कड़ी करने की मांग उठ रही है। हालांकि इटली के रक्षा मंत्री ने धमकी के बावजूद अपनी सुरक्षा बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

बता दें कि इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने रूस के वैगनर ग्रुप की आलोचना की थी और कहा था कि अफ्रीकी देशों से पलायन बढ़ने की वजह रूस के वैगनर ग्रुप की हाइब्रिड लड़ाई की रणनीति का हिस्सा है। इटली ने कहा कि यूक्रेन का समर्थन करने के लिए रूस द्वारा ऐसा किया जा रहा है। हालांकि वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पलायन संकट क्यों बढ़ रहा है, वह इसके बारे में नहीं जानते और ना ही उन्हें इसकी परवाह है। हालांकि उन्होंने कहा कि इटली के रक्षा मंत्री को अन्य मामलों पर फोकस करना चाहिए। साथ ही प्रिगोझिन ने इटली के रक्षा मंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया। गुइडो क्रोसेटो ने कहा था कि अफ्रीकी तटों से पलायन करने वाले प्रवासियों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह साफ तौर पर वैगनर ग्रुप की हाइब्रिड लड़ाई की रणनीति है और वह अफ्रीका के कुछ देशों में अपनी ताकत के दम पर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि यूरोपीय यूनियन, नाटो और पश्चिमी देशों में साइबर हमले भी यूक्रेन युद्ध का हिस्सा हैं। बता दें कि रूस के भाड़े के सैनिकों का संगठन वैगनर ग्रुप काफी ताकतवर माना जाता है और कई अफ्रीकी देशों जैसे लीबिया, माली और मध्य अफ्रीकी देशों में इसकी प्रभावी मौजूदगी है। यूक्रेन के बख्मुत शहर पर कब्जे की कोशिश भी वैगनर ग्रुप द्वारा की जा रही है और यूक्रेन में कई मोर्चों पर लड़ रहे हैं।

## फ्रांस में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का विरोध, सड़कों पर आगजनी व पथराव

**पेरिस।** फ्रांस में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का विरोध हिंसक हो रहा है। सड़कों पर उग्र प्रदर्शन कर रहे लोग आगजनी और पथराव कर रहे हैं। पुलिस ने भी जगह-जगह जवाबी बल प्रयोग किया है।

जानकारी के मुताबिक फ्रांस की इमैनुएल मैक्रों सरकार ने सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 64 वर्ष कर दी है। सरकार ने फ्रांस की पेंशन प्रणाली को कंगाल होने से बचाने के लिए यह कदम उठाने की बात कही है। इसके लिए फ्रांस की संसद में वोटिंग होनी थी, लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें मिले संवैधानिक अधिकारों के प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए संसद में बिना वोटिंग के ही नए कानून को लागू कर दिया। फ्रांस की संसद में भी इस कानून का विरोध हो रहा है



और कई सांसद इसका विरोध कर रहे हैं। उनका विरोध संसद में चर्चा के बिना इस कानून को लागू करने को लेकर भी है। सरकार के इस फैसले के विरोध में राजधानी पेरिस सहित देश भर में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार विरोधी नारेबाजी से शुरू हुआ विरोध का सिलसिला पुलिस के विरोध तक पहुंचा। आंदोलित प्रदर्शनकारियों की भीड़ को पुलिस ने नियंत्रित करने का प्रयास किया तो प्रदर्शन उग्र हो गया। इसके बाद जगह जगह पेरिस की सड़कों पर आगजनी और पथराव देखने को मिला। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की है। पुलिस ने सौ से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा व पुलिस के बल प्रयोग में भारी संख्या में लोग जख्मी भी हुए हैं। विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो व तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आंदोलनकारी सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का फैसला वापस लेने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े हुए हैं।

## इराक में रहस्यमयी हेलीकॉप्टर दुर्घटना में कई लोगों की मौत

**दोहुक।** उत्तरी इराक में एक रहस्यमय हेलीकॉप्टर दुर्घटना में प्रतिबंधित कुर्द विद्रोही समूह से जुड़े आतंकवादियों सहित कई लोग मारे गए। इराकी कुर्द द्वारा संचालित आतंकवाद रोधी संगठन के बयान में यह जानकारी दी गई। आतंकवाद रोधी संगठन ने एक बयान में कहा कि एक



हेलीकॉप्टर पिछली रात इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में दोहुक प्रांत के चमांके जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री मारे गए। दुर्घटनास्थल पर मौजूद एक अन्वेषक ने कहा कि हेलीकॉप्टर में कम से कम सात लोग सवार थे। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके के आतंकवादियों को ले जा रहा था। यह घटना रहस्य बनी हुई है क्योंकि अभी तक किसी भी पार्टी ने सैन्य हेलीकॉप्टर के स्वामित्व का दावा नहीं किया है। पीकेके के प्रवक्ता जाग्रोस हिवा ने कहा कि समूह के पास हेलीकॉप्टर नहीं है और वे भी इस घटना की जांच कर रहे हैं।

## अमेरिका सहित पांच देशों में प्रतियोगी सैन्य अभ्यास, ईरान-चीन संग रूस का नौ सैनिक अभ्यास

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच सैन्य अभ्यास को लेकर उत्तर कोरिया के विरोध के बीच अब सैन्य अभ्यासों में भी अमेरिका बनाम चीन प्रतिस्पर्धा हो रही है। अमेरिका सहित पांच देशों में प्रतियोगी सैन्य अभ्यास चल रहा है, वहीं ईरान और चीन के सात रूस का नौ सैनिक अभ्यास भी चल रहा है। युद्धाभ्यास के दौर में अमेरिका ने भारत, कनाडा, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ साझा पनडुब्बीरोधी युद्धाभ्यास शुरू किया गया है। 'सी ड्रैगन 23' अभ्यास 270 घंटे से अधिक समय तक चलेगा। सभी भाग लेने वाले देशों के पायलट और उड़ान अधिकारियों के लिए कक्षा प्रशिक्षण सत्र भी



इस अभ्यास का हिस्सा हैं, जिसमें वे अपने देश की क्षमता और उपकरणों को शामिल करने की योजना बनाने और रणनीति पर चर्चा करेंगे। यह अभ्यास एक प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शामिल सभी देश 'ड्रैगन बेल्ट' जीतने के लिए सबसे अधिक अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस बीच रूस ने अरब सागर में चीन और ईरान के साथ नौ सैनिक अभ्यास शुरू कर दिया है। रूस की कोशिश है कि चीन और ईरान के साथ रिश्ते मजबूत हों।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2023 नामक त्रिपक्षीय अभ्यास चाबहार के ईरानी बंदरगाह के आसपास के क्षेत्र में शुरू हुआ है। इस बीच अमेरिका ने कहा है कि वह इस युद्धाभ्यास पर नजर बनाए हुए है। इससे अमेरिका या सहयोगी देशों को खतरा नहीं होना चाहिए।

## लाहौर में इमरान के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प, प्राथमिकी दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान में पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद समेत कई आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पंजाब पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक इमरान खान ने ज़मान पार्क में मौजूद अपनी पार्टी के 2,500 से अधिक कार्यकर्ताओं को पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसाया, जो पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार करना चाहते थे। पुलिस के मुताबिक, पीटीआई समर्थकों ने पुलिस वाहनों को आग लगा दी, पुलिसकर्मियों और रेंजर्स पर पेट्रोल बम फेंके, जिसके कारण कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं।

इमरान के खिलाफ देशभर में 83 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें उनपर जनता को भडक़ाने, महिला न्यायाधीश की अवमानना और आधिकारिक काम में हस्तक्षेप से लेकर हत्या, हत्या के लिए उकसाने, आतंकवाद, देशद्रोह और ईशनिंदा तक के कई आरोप शामिल हैं। लाहौर के पॉश जमान पार्क इलाके में खान (70) रहते हैं। यहां तोशाखाना मामले में मंगलवार को इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिसकर्मियों की उनके समर्थकों के साथ झड़प हुई थी। खान समर्थक पुलिस को अपने नेता को गिरफ्तार करने से रोक रहे थे।

## अमेरिका ने रूसी लड़ाकू विमानों के उसके ड्रोन पर ईंधन गिराने का वीडियो जारी किया

**कीव।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने काला सागर के ऊपर अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के निगरानी ड्रोन के मार्ग में रूसी लड़ाकू विमान के असुरक्षित तरीके से आने का वीडियो जारी किया है। 42 सेकंड का यह वीडियो जारी किया गया। पेंटागन ने कहा कि वीडियो में एक रूसी एसयू-27 अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन के पीछे की तरफ से आ रहा है और इसके गुजरने पर ईंधन छोड़ना शुरू कर देता है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसनेएमक्यू-9 रीपर को समुद्र में गिरा दिया जब रूसी लड़ाकू विमान ने मानव रहित विमान पर ईंधन डाला जो इसके ऑप्टिकल (नजर रखने संबंधी) उपकरणों को देखने से रोकने और इसे क्षेत्र से बाहर निकालने तथा इसके प्रोपेलर को बाधित करने का स्पष्ट प्रयास था। वीडियो का जारी अंश कथित तौर पर ईंधन डाले जाने को लेकर टकराव के पहले या बाद की घटनाओं को नहीं दिखाता है।

रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के

> **इस घटना के बाद दोनों देशों के रक्षा व सैन्य नेतृत्व के बीच हुई यह बातचीत इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करती है।**

अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने रूसी लड़ाकू जेट विमानों के साथ मुठभेड़ के बाद अमेरिकी ड्रोन के नष्ट होने के बारे में अपने रूसी समकक्षों से बात की है।

रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल वालेरी गेरासिमोव के साथ बुधवार को अक्टूबर के बाद पहली बार कॉल की गई।

विमानों के खतरनाक तरीके से एक-दूसरे के सामने आने के प्रयास असामान्य नहीं हैं लेकिन यूक्रेन में युद्ध के बीच हुई इस घटना ने चिंता बढ़ाई है कि ऐसे मामले अमेरिका और रूस को सीधे संघर्ष के करीब ला सकते हैं। इस घटना के बाद दोनों देशों के रक्षा व सैन्य नेतृत्व के बीच हुई यह बातचीत इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करती है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने ऑस्टिन के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर अपनी रिपोर्ट में कहा कि शोइगू ने अमेरिका पर यूक्रेन में उसके (रूस के) सैन्य अभियानों के कारण क्रेमलिन द्वारा लगाए गए उड़ान प्रतिबंधों की अनदेखी करके घटना को भड़काने का आरोप लगाया। रूस ने रूसी संघ के हितों के खिलाफ खुफिया गतिविधियों में तेजी का भी आरोप लगाया।

## नेपाल पर बीआरआई प्रोजेक्ट थोपने की कोशिश में चीन

**काठमांडू।** चीन नेपाल पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) थोपने की कोशिश कर रहा है। चीन ने घोषणा की है कि नेपाल में बीआरआई परियोजना शुरू हो चुकी है लेकिन नेपाल सरकार ने अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया है।

नेपाल में चीन के राजदूत छान सोंग ने काठमांडू में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया कि बीआरआई पूरी तरह से खुला, समावेशी और पारदर्शी है। उन्होंने कहा कि अब हम बीआरआई में उच्च स्तरीय सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। बीआरआई कोई भू-राजनीतिक उपकरण नहीं है। नेपाल ने वर्ष 2017 में तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में बीआरआई दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, बीआरआई परियोजना आगे नहीं बढ़ी। नेपाल ने एक स्टैंड ले ली है कि वह केवल अनुदान ले सकता है लेकिन बीआरआई ऋण नहीं।

चीन ने दावा किया कि बीआरआई परियोजना नेपाल में आगे बढ़ी है। वह कहते रहे हैं कि पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बीआरआई के तहत एक परियोजना है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नेपाल के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रामचंद्र पौडयाल को बधाई देते हुए बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुद्दा उठाया था। दोनों पक्षों से मानवीय आदान-प्रदान और सहयोग के क्षेत्र का विस्तार करते हुए उच्च स्तरीय वाली बेल्ट एंड रोड के निर्माण के साथ आगे



बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में चीन नेपाल पर बीआरआई प्रोजेक्ट थोपने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, नेपाल चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट के तहत कर्ज लेने के पक्ष में नहीं है।

## दुनिया के लिए फिर कोरोना की नई मुसीबत, इस्त्राइल में वायरस के नए वैरिएंट के दो मामले मिले

**इस्त्राइयली।** कोरोना संक्रमण को लेकर आएदिन कोई न कोई नई खबर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्त्राइल में कोरोनावायरस के नए वैरिएंट के दो मामले सामने आए हैं। इस्त्राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ये जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि वे इसको लेकर PCR रिपोर्ट में यह वैरिएंट पाया गया है।

**मंत्रालय ने और क्या कहा?**



स्वास्थ्य मंत्रालय ने साथ ही कहा है, 'अभी पूरी दुनिया में इस वैरिएंट के बारे में कोई जानकारी नहीं। इस वैरिएंट के जो दो मामले सामने आए हैं, उनमें हल्का बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों का विकार जैसे लक्षण देखने के मिले हैं। हालांकि, इसके मरीजों को कोई विशेष मेडिकल सुविधा की जरूरत नहीं है। 'रिपोर्ट्स के अनुसार, नए वैरिएंट से संक्रमित की पहचान इस्त्राइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई। यहां उतरे दो यात्रियों की RT-PCR रिपोर्ट में यह वैरिएंट पाया गया है। इस्त्राइल के पैनडेमिक रिस्पांस चीफ सलमान जरका ने इस नए वैरिएंट से किसी तरह के खतरे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि हम इसको लेकर चिंतित नहीं हैं। बता दें कि इस्त्राइल की 92 लाख आबादी में से 40 लाख से अधिक लोगों को कोरोनावायरस वैक्सीन की तीन-तीन डोज लग चुकी हैं।

## रूस की चेतावनी के बाद यूक्रेन की मदद के लिए जोखिम उठाएगा ये देश, भेजेगा फाइटर जेट्स

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए एक साल से भी ज्यादा का समय हो चुका है। पुतिन की सेना के खिलाफ यूक्रेनी सेना की मदद के लिए अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश लगातार आर्थिक और सैन्य मदद भेज रहे हैं।

इसके बावजूद अपनी हवाई क्षमताओं के चलते रूस ने युद्धक्षेत्र में यूक्रेन पर बढ़त बना रखी है। पश्चिमी देश भी अब तक यूक्रेन को हवाई क्षेत्र में रूस से भिड़ने के लिए अहम फाइटर जेट्स मुहैया नहीं करा पाए हैं। हालांकि, अब यूक्रेन के पड़ोसी देश ने जेलेंस्की की सेना की मदद के लिए अपने फाइटर जेट्स मुहैया कराने का फैसला किया है।



यह देश है पोलैंड, जो कि यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से से सटा हुआ है। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने कहा है कि आने वाले दिनों में वे यूक्रेन को सोवियत काल के मिग फाइटर जेट्स मुहैया कराएंगे।

मजेदार बात यह है कि जहां ज्यादातर पश्चिमी देश यूक्रेन को सीधे तौर पर लड़ाकू विमान न देने की बात कहते रहे हैं, वहीं पोलैंड नाटो से जुड़ा पहला ऐसा देश है, जिसने फाइटर जेट देने का वादा किया है।

बताया गया है कि फिलहाल पोलैंड चार मिग फाइटर जेट्स यूक्रेन को देगा। इस फैसले पर पोलैंड की डिप्टी स्पीकर ओलेना कोंद्रात्युक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही बाकी देश भी पोलैंड से सीख लेते हुए यूक्रेन को अपनी सुरक्षा के लिए लड़ाकू विमान मुहैया कराएंगे।

## र इंडिया की कर्मचारियों के लिए वीआरएस की पेशकश-वीआरएस के तहत 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालन कर्मियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की पेशकश की है। टाटा समूह पिछले वर्ष जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण के बाद दूसरी बार ऐसी पेशकश लेकर आया है। इसके लिए एयरलाइन कर्मचारी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी गई जानकारी में बताया कि एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालन के कर्मियों के लिए वीआरएस की पेशकश की है। इसके लिए 17 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकेगा। यह ऑफर स्थायी सामान्य कैडर के अधिकारियों के लिए है,



जो 40 वर्ष या ज्यादा आयु और एयरलाइन में न्यूनतम पांच वर्ष की निरंतर सेवा की अवधि पूरी कर चुके हैं। इसके अलावा क्लर्क या गैर-कुशल श्रेणी के कर्मचारी जो न्यूनतम 5 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर चुके हैं वे भी इसके लिए पात्र हैं। जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया में करीब 2,100 कर्मचारी इस स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेशकश योजना के लिए पात्र हैं। 31 मार्च, 2023 तक वीआरएस के लिए आवेदन करने वाले योग्य कर्मचारियों को अनुग्रह राशि के अलावा एक लाख रुपये मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया जून, 2022 में इसी तरह का प्रस्ताव लाई थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।